हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 261, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 16 मार्च, 2023 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## 2023 में चार संगठनों को आतंकवादी संगठन में किया अधिसूचित, नित्यानंद राय ने राज्यसभा में दी जानकारी

### भारत में आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों को अंजाम देते हैं और उनमें भाग लेते हैं

नई दिल्ली। राज्य सभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय राज्यसभा ने जानकारी दी कि 2023 में अब तक चार संगठनों को यूएपीए के तहत आतंकवादी संगठन के रूप में अधिसूचित किया गया है। इनके नाम अधिनियम की पहली अनुसूची में जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि ये संगठन आतंकवाद में शामिल थे और भारत में आतंकवाद के विभिन्न कृत्यों को अंजाम देते हैं और उनमें भाग लेते हैं। साथ ही कहा कि फरवरी 2023 तक यूएपीए की चौथी अनुसूची और पहली अनुसूची के तहत अब तक 54 आतंकवादियों और 44 आतंकवादी संगठनों को सूचीबद्ध किया गया है। राज्य मंत्री नित्यानंद राय राज्यसभा ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 10,05,520 है, जबकि रिक्तियां, 01 जनवरी, 2023 तक 84,866 हैं। उन्होंने कहा कि सीएपीएफ में रिक्तियां सेवानिवृत्ति, इस्तीफे, पदोन्नति, मृत्यु, बटालियन के नए गठन, नए पदों के सृजन आदि के कारण उत्पन्न होती हैं। पिछले पांच महीनों में सीएपीएफ में 31,785 कर्मियों की भर्ती की गई है।



## बिहार विधानसभा में दिखी लोकतंत्र की खूबसूरती, विपक्ष को मनाकर सदन में लाई सरकार; स्पीकर बोले- आप आए, बहार लाए

पटना। लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष, दोनों की अहमियत बराबर की होती है। एक के बिना दूसरे का कोई महत्व नहीं है। बिहार विधानसभा में यह बात सच साबित होती दिखी। भारत के लोकतंत्र की खूबसूरती को बयान करने वाला एक वाकया हुआ, जिसकी सबने सराहना की। दरअसल, बुधवार को बिहार विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा ने सदन का बहिष्कार कर दिया। भाजपा अपने दो विधायकों को निलंबित करने को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रही थी। सदन की प्रथम पाली में राजद और भाजपा विधायकों के बीच हाथापाई तक हो गई, जिसके बाद मामला और बढ़ गया। सदन के प्रथम पाली की कार्यवाही बिना विपक्ष के ही चली। दूसरी पाली में भी भाजपा के विधायक सदन में नहीं पहुंचे। इसके बाद मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष से कहा कि विपक्ष यानी भाजपा की गैरहाजिरी से सदन सूना लग रहा है। बगैर विपक्ष के सदन कैसे चलेगा। उनसे यहां आने का आग्रह करना चाहिए। इसके बाद सदन के अंदर से ही आसन यानी बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने भाजपा से सदन में आने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा को भाजपा विधायकों को सदन में मानकर लाने की जिम्मेदारी सौंपी। कांग्रेस विधायक गए और भाजपा विधायकों को मनाया। इसके थोड़ी ही देर बाद भाजपा के सदस्य बिहार विधानसभा में दाखिल हुए। ये देख मंत्री विजय चौधरी बेहद खुश हुए और गर्मजोशी से भाजपा के सदस्यों का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने शेरो-शायरी से भाजपा विधायकों का स्वागत किया और कहा कि आप आए और बहार लाए।

## 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आया फैसला, भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया आखिलेश यादव ने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ की ओर से जारी किए गए फैसले के बाद भाजपा सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आया फैसला, आरक्षण की मूल भावना की विरोधी भाजपा सरकार की ढीली पैरवी का नतीजा है। भाजपा दलित-पिछड़ों का हक मारने के लिए आरक्षण को विधायी माया जाल में फंसाती है। जातीय जनगणना ही इस समस्या का सही समाधान है जिससे कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण हो सके। बता दें कि हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण कोटे का सही से अनुपालन ना किए जाने पर 1 जून 2020 को जारी सहायक अध्यापक के चयन से जुड़ी सूची को तीन माह में संशोधित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने इसके साथ ही भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 को जारी हुई चयन सूची को भी खारिज कर दिया। इस चयन सूची को यह कहते हुए चुनौती दी गई थी कि इसे बिना किसी विज्ञापन के जारी किया गया था।

## शादीशुदा मर्दों में आत्महत्या के मामले! सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें शादीशुदा पुरुषों में आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए गाइडलाइंस जारी करने की मांग की गई है। साथ ही महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग की गई है। यह याचिका वकील महेश कुमार तिवारी द्वारा दायर की गई है। याचिका में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की देश में दुर्घटनावश होने वाली मौतों के आंकड़ों का हवाला दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 में देश में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की। याचिका में कहा गया है कि आत्महत्या करने वाले लोगों में से 81,063 पुरुष थे और 28,680 महिलाएं थी। याचिका के अनुसार, साल 2021 में 33.2 प्रतिशत पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं के चलते आत्महत्या की। वहीं महिलाओं में ये आंकड़ा 4.8 प्रतिशत है। याचिका में मांग की गई है कि घरेलू हिंसा के शिकार पुरुषों की शिकायतों पर कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिका में केंद्र को गृहमंत्रालय के जरिए पुलिस विभाग को यह दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिससे घरेलू हिंसा के शिकार लोगों की शिकायतों पर तत्काल सुनवाई हो सके।




## जाली दस्तावेजों के साथ कई वर्षों से पुणे में रह रहा था पाकिस्तानी नागरिक, पुलिस के हत्थे चढ़ा

मुंबई। महाराष्ट्र के पुणे शहर में जाली दस्तावेजों की मदद से अवैध रूप से रहने के आरोप में एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खड़क पुलिस ने मोहम्मद अमान अंसारी (22 वर्षीय) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के साथ-साथ विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है। अंसारी के पिता एक पाकिस्तानी नागरिक हैं। उन्होंने कहा, 'युवक (अंसारी) का जन्म कराची में हुआ था। उनकी मां भारतीय हैं और पिता पाकिस्तानी हैं। वे कराची से दुबई चले गए थे, जहां उसने पढ़ाई की और 2015 में दोनों मां-बेटे भारत चले आए और अपने रिश्तेदारों के साथ पुणे में रहने लगे। डीसीपी (जोन-क) संदीप सिंह ने बताया कि उस समय उसके पास वैध वीजा था। अधिकारी ने बताया कि अंसारी ने शहर के एक स्कूल और बाद में एक जूनियर कॉलेज में प्रवेश लिया लेकिन इस बीच उसका वीजा समाप्त हो गया था। उन्होंने कहा, उसे अपने वीजा के नवीनीकरण (रिन्यूवल) के लिए आवेदन करना चाहिए था या उचित प्रक्रिया के लिए जाना चाहिए था। इसके बजाय उसने फर्जी तरीके से आधार कार्ड हासिल कर लिया और उसके आधार पर उसे भारतीय पासपोर्ट भी उसे मिल गया।

## जंग का मैदान बना इमरान खान का घर, समर्थकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प जारी, कई घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी सरकार के लिए नाक का सवाल बन गई है। यही वजह है कि अब पाकिस्तानी पुलिस इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए बल प्रयोग करने से भी गुरेज नहीं कर रही है। मंगलवार शाम में पाकिस्तान पुलिस ने इमरान खान को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो इमरान के समर्थकों और पुलिस में भिड़ंत हो गई। हालांकि पुलिस इमरान खान को गिरफ्तार नहीं कर सकी। बुधवार सुबह छह बजे से फिर से इमरान समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई है। पुलिस, इमरान समर्थकों पर आंसू गैस के गोले छोड़े रही है। वहीं इमरान समर्थकों की तरफ से पुलिस पर पथराव किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारी संख्या में पुलिस के जवानों ने इमरान खान के लाहौर स्थित घर को घेर लिया है। बता दें कि तोशाखाना मामले में इमरान खान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया है और काफी कोशिशों के बाद भी इस्लामाबाद पुलिस इमरान को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। यही वजह है कि अब पाकिस्तान पुलिस बल प्रयोग कर रही है। पुलिस और इमरान समर्थकों में जारी झड़प में दोनों तरफ से कई लोगों के घायल होने की खबर है।



**इमरान खान ने जारी किया वीडियो मैसेज**- इससे पहले मंगलवार शाम में इस्लामाबाद पुलिस इमरान खान को गिरफ्तार करने पहुंची थी। जिस पर इमरान खान ने एक वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने कहा कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने आ गई है और वह मुझे जेल में डालना चाहते हैं। अगर मुझे कुछ हुआ तो आपको यह साबित करना है कि यह देश इमरान खान के बिना भी संघर्ष करता रहेगा। बुधवार सुबह को भी इमरान खान ने एक अन्य वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी नवाज शरीफ के खिलाफ सारे मामले खत्म करने का लंदन प्लान है। इमरान खान ने कहा कि यह लंदन प्लान का हिस्सा है, जिसमें एक समझौता हुआ है।

## लालू परिवार को राहत के बीच RJD अध्यक्ष से मिलने पहुंचीं डिंपल यादव, दिल्ली में मीसा भारती के घर पर हुई मुलाकात

नई दिल्ली। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला के मामले में बुधवार को लालू यादव परिवार को बड़ी राहत मिली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी यादव और बेटी मीसा भारती को जमानत दे दी। लालू परिवार को जमानत मिलने के बाद आरजेडी समर्थकों में खुशी की लहर है। पार्टी कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई बांट रहे हैं। वहीं, लालू से मिलने कई बड़े नेता उनके पास पहुंच रहे हैं। इसी बीच, सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और सांसद डिंपल यादव भी लालू से मिलने पहुंची। लालू अभी दिल्ली में अपनी सांसद बेटी मीसा भारती के घर पर ठहरे हुए हैं। डिंपल बुधवार दोपहर मीसा भारती के आवास पर पहुंचीं। मुलाकात के दौरान डिंपल ने लालू यादव का हालचाल भी जाना।



**29 मार्च को अगली सुनवाई**- उधर, रेलवे के बदले जमीन घोटाला मामले में अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने यादव परिवार की जमानत का विरोध नहीं किया। इसके बाद दिल्ली की अदालत ने 50 हजार के निजी मुचलके पर सभी को जमानत दे दी।

**व्हीलचेयर पर पहुंचे लालू**- लालू यादव सुनवाई के दौरान व्हीलचेयर पर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारत भी मौजूद थीं। सीबीआई का आरोप है कि रेलवे में ग्रुप डी में भर्ती के लिए लालू ने लोगों से जमीन ली। सीबीआई इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## मातम में बदली खुशियांः बहन की हल्दी में नाचते-नाचते गिरा भाई और चली गई जान, घर में शव रखकर हुई शादी

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां चिल्हिया कस्बे में शादी के दिन दुल्हन को हल्दी लग रही थी। खुशी में नाच रहे भाई की अचानक मौत हो गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों ने शव को घर में रखकर शाम के समय आए बरातियों का दिल पर पत्थर रखकर स्वागत किया और विवाह की रस्में पूरी कराकर दुल्हन और बरातियों को विदा कर दिया। उसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। चिल्हिया कस्बे निवासी लोचन गुप्ता ने अपनी पुत्री की शादी जनपद गोरखपुर के सिंघोरवा गांव में तय की थी। 13 मार्च दिन सोमवार को विवाह का होना निश्चित हुआ था। सोमवार शाम को बरात आनी थी। दिन में दुल्हन को हल्दी लगाने की रस्म चल रही थी। घर में होम थियेटर पर गाना बज रहा था। किशोर, किशोरियां व महिलाएं नाच रही थीं। दुल्हन का भाई बैजू (19) भी खुशी में नाच रहा था। वह नाचते-नाचते गिर गया और बेहोश हो गया। परिजन आनन-फानन उसे जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। उसके बाद परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, उसकी मौत दिल का दौरा व सिर की नस फट जाने से हुई। इधर, दुल्हन के भाई की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। मंगल गीत गा रहीं महिलाएं बिलखने लगीं। देखते ही देखते शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। यह घटना सुनकर दूल्हे की तरफ के लोग कुछ रिश्तेदारों को लेकर चिल्हिया पहुंचे और शादी की रस्में पूरी कराईं। दुल्हन के पिता ने सुबह चार बजे अपनी बेटी व बरातियों को विदा करने के बाद बैजू के शव का अंतिम संस्कार किया।



**...आंखें खोलो बाबू मैं जा रही हूं**- दुल्हन की हल्दी के रस्म में नाच रहे भाई की अचानक मौत की खबर के बाद दुल्हन पूजा, अपने भाई के शव के पास बैठी रही। उसे एकटक देखकर रोती रही, यह देखकर परिजन व शादी में आए लोग दहाड़ मार कर रोने लगे। मंगलवार को सुबह विदाई के समय दुल्हन अपने भाई के शव से लिपट कर दहाड़ मार कर रोती रही। वह रोते-रोते यही कह रही थी कि आंखें खोलो बाबू! मैं जा रही हूं।

## जेल से लॉरेंस बोला- मूसेवाला विरोधी गैंग को देता था समर्थन, मेरे भाइयों को मरवाया, इसलिए की उसकी हत्या

चंडीगढ़। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड पर बड़ा खुलासा किया है। जेल से एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में उसने दावा किया है कि सिद्धू मूसेवाला उसके विरोधी गैंग को सपोर्ट करता था। मूसेवाला ने उसके भाइयों विक्की मिड्डूखेड़ा और गुरलाल बराड़ को मरवाया था। पहले उसे समझाया था लेकिन वह नहीं माना। इसी खुन्नस में उसकी हत्या की गई थी।



गोल्डी बराड़ ने फोन पर उसकी हत्या की साजिश रची थी। हथियार यूपी के तस्कर इमरान खुर्जा से मंगवाए थे। उसने बताया कि शराब ठेकेदारों से वसूली गई रंगदारी का पैसा मूसेवाला की हत्या में खर्च किया गया। 29 मई, 2022 को पंजाब के मानसा में सिद्धू मूसेवाला की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ पर लगा था। आए दिन उसके नाम पर व्यापारियों से मांगी जा रही रंगदारी पर उसने कहा कि चार पांच साल से उसने कोई फिरौती नहीं मांगी है। उसने कहा कि सिद्धू की हत्या को ऐसे बताया जा रहा है कि यह पहली मौत हुई है। उसका कहना है कि मूसेवाला जब उसके समर्थकों की हत्या करवा रहा था तो पुलिस उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज करती थी। सिद्धू कोई समाजसेवी तो था नहीं। उसके पंजाब के कई नेताओं से अच्छे संबंध थे। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने खुलासा किया है कि उसका गैंग अब गोल्डी बराड़ ऑपरेट कर रहा है। मेरे सभी साथी उसके संपर्क में हैं। उसने बताया कि सचिन उसका भांजा है और गोल्डी उसका छोटा भाई है।

## अदाणी मुद्दे पर मार्च निकाल रहे विपक्षी दलों को रोका गया, संसद में फिर हुआ घमासान

नई दिल्ली। अदाणी मुद्दे पर संसद से लेकर सड़क तक विपक्षी दलों का हंगामा देखने को मिल रहा है। कई विपक्षी दलों ने बुधवार को संसद भवन से लेकर ईडी दफ्तर तक मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, उन्हें पहले ही रोक दिया गया। इस दौरान विपक्षी नेताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। टीएमसी और एनसीपी ने इस मार्च से किनारा किया है। इसको लेकर संसद में हंगामा भी हुआ। हंगामे के चलते कार्यवाही स्थगित की गई है। उधर, ईडी दफ्तर पहुंचने से पहले ही विपक्षी दलों को रोक दिया गया। कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन ने कहा कि हम फिर मामले को सदन में उठाएंगे। इसके बाद विपक्षी दलों का प्रतिनिधिमंडल ईडी अधिकारियों से मुलाकात करेगा। हम एक-एक कर ईडी के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। वहीं, मार्च निकाले जाने के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, "हम सभी अदाणी घोटाले में एक ज्ञापन सौंपने के लिए ईडी निदेशक से मिलने जा रहे हैं। सरकार हमें विजय चौक के पास कहीं नहीं जाने दे रही है, उन्होंने हमें रोक दिया है।" बता दें कि इससे पहले सोमवार और मंगलवार को हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों में काम नहीं हो पाया। खरगे ने आगे कहा, "सरकार एक आदमी को सरकारी संपत्ति खरीदने के लिए पैसा दे रही है। पीएम पीएम किसी ऐसे व्यक्ति को प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिसके पास पहले कम संपत्ति थी, लेकिन अब 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति हो गई है। यह कैसे हुआ? कौन जिम्मेदार है? पैसा कौन दे रहा है? पूछताछ होनी चाहिए। पीएम मोदी और अदाणी के बीच क्या संबंध है?" खरगे ने आगे कहा कि 17-18 राजनीतिक दलों के हम सभी सांसद यहां हैं। हम जानना चाहते हैं कि अदाणी ने 2.5 साल के भीतर लाखों-करोड़ों रुपये कैसे कमाए। सरकार ने हमें यहां रोका है। हम 200 लोग हैं और यहां दो हजार पुलिसकर्मी हैं। वे हमारी आवाज दबाना चाहते हैं। शिवसेना नेता (ठाकरे गुट) संजय राउत ने कहा कि भाजपा सरकार अपने विरोधियों को निशाना बना रही है, जैसे सत्ता पक्ष बिल्कुल पाक-साफ है। जो सरकार से सवाल पूछते हैं, उन्हें निशाने पर लिया जाता है। उन्हें जेल भेजा जाता है और झूठे केस दर्ज किए जाते हैं। गौतम अदाणी को एक भी समन नहीं भेजा गया। आज हम संसद में सभी सबूत पेश करेंगे।




## 30 व 31 मार्च को अयोध्या में श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन, सीएम योगी हो सकते हैं शामिल

लखनऊ। श्रीराम जन्मोत्सव 30 व 31 मार्च को अयोध्या में होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की संभावना है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के 16 जिलों में चल रहे रामायण कॉन्क्लेव का समापन भी चैत्र राम नवमी मेले के दौरान अयोध्या में होगा। अयोध्या में रामकथा पार्क नयाघाट पर श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन संस्कृति एवं पर्यटन विभाग से कराया जाएगा। इसमें प्रभु श्रीराम पर आधारित गायन, वादन, पारंपरिक नृत्य, रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, रामलीला आदि के कार्यक्रम होंगे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आने की संभावना है। कार्यक्रम को भव्य एवं वृहद स्तर पर मनाए जाएगा। कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन, सिंचाई, बाढ़ खंड, नगर निगम, पुलिस, यातायात, विद्युत, लोक निर्माण, अयोध्या विकास प्राधिकरण, पर्यटन संस्कृति, सूचना, परिवहन सहित अन्य संबंधित विभागों को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। घाटों व मंदिरों को विशेष रूप से सजाने संवारने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने इसमें सभी साधू-संतों से भी सहयोग की अपील की है। उप सूचना निदेशक डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि चैत्र रामनवमी मेला में 500 होर्डिंग्स, 1000 स्टैंडी, 25 एलईडी बैन, 20 डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाएगा।



## संपादकीय

# सारी दुनिया में क्रिप्टो करेंसी ने मचाया बवाल

आभासी मुद्रा क्रिप्टोकरंसी ने सारी दुनिया के देशों को एक बड़े संकट में डाल दिया है। टेक कंपनियों द्वारा क्रिप्टो करेंसी का जो माया जाल बुना था। उसने विश्व अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। विकासशील देशों एवं दुनियाभर के सेंट्रल बैंकों ने इस आभासी मुद्रा के प्रचलन को लेकर जो मौन साधकर रखा, उसके दुष्परिणाम अब सामने दिखने लगे हैं। सिलिकॉन वैली से संचालित क्रिप्टो एक्सचेंज के बंद होने के बाद, क्रिप्टोकरंसी की सट्टेबाजी, वैध और अवैध रूप से मुद्रा का एक स्थान से दूसरे स्थान पर मुद्रा उपलब्ध होने से क्रिप्टो करेन्सी ने पिछले वर्षों में धूम मचाई। क्रिप्टो मुद्रा को शेयर बाजार में डिमांड और सप्लाई से कीमत बढ़ाकर मुनाफा कमाने का साधन बनी। क्रिप्टो करेंसी के लेनदेन के लिए नए-नए बैंक बने। उनके माध्यम से लेनदेन हुआ। क्रिप्टो एक्सचेंज को भारी झटका लगने के बाद अमेरिका का सिल्वर गेट बैंक, सिलिकॉन वैली और सिग्नेचर बैंक बंद हो गया। इनके बंद होने और क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स बंद होने के बाद सारी दुनिया के शेयर बाजारों में भी अस्थिरता बनना शुरू हो गई थी। दुनिया के देशों के सभी बड़े बैंकों ने क्रिप्टोकरंसी का कारोबार नहीं किया। नाही क्रिप्टो करेन्सी को मान्यता दी। अब जब क्रिप्टो करेंसी से जुड़े हुए वित्तीय संस्थान डूब रहे हैं, उस समय कारोबार और बचत से जुड़ी हुई बहुत बड़ी रकम क्रिप्टो एक्सचेंज के माध्यम से निवेशकों की डूब गई है। इसका असर अब शेयर बाजार पर भी पड़ना शुरू हो गया है। इसका असर अन्य बैंकों पर भी निश्चित रूप से पड़ेगा। जिसके कारण सारी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था को एक नया संकट पैदा होने लगा है। कर्ज की अर्थव्यवस्था से दुनिया के सारे देश पहले से ही परेशान थे। सारी वित्तीय संस्थाओं को एनपीए जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब बैंकों को भी अपना अस्तित्व बचाए रखना मुश्किल हो रहा है। इसका असर शेयर बाजार में भी पढ़ रहा है। अब यह स्पष्ट रूप से दिखने लगा है कि सारी दुनिया के देश आर्थिक मंदी और आर्थिक संकट के शिकार होने जा रहे हैं। आर्थिक मंदी के कारण पहले ही बेरोजगारी के संकट से दुनिया के सभी देश जूझ रहे हैं। महंगाई ने लोगों का जीवन दुश्वार कर दिया है। अब वित्तीय संस्थान यदि डूबते हैं, तो इससे पूरी दुनिया में हाहाकार मचना तय है। इतने बड़े संकट को लेकर सारी दुनिया के देश जिस तरह से चुप्पी साध कर बैठे हुए हैं। उससे चिंता होना स्वाभाविक है। अमेरिकी सरकार ने सिल्वर गेट बैंक, सिलिकॉन वैली और सिग्नेचर बैंक के डूबने पर कोई भी आर्थिक पैकेज देने से मना कर दिया है। अमेरिका जैसे देश की आर्थिक स्थिति इस तरह की नहीं है कि वह वित्तीय संस्थानों को कोई मदद दे सके। जिस तेजी के साथ शेयर बाजारों में इसका असर देखने को मिल रहा है। आने वाले कुछ ही दिनों में सारी दुनिया के देश आर्थिक मंदी के शिकार होने के साथ-साथ वित्तीय व्यवस्था के वर्तमान ढांचे को बचा पाना मुश्किल होगा। वित्तीय तंत्र से आम आदमी भी सीधा जुड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में दुनिया भर में अराजकता की स्थिति भी बन सकती है। विश्व बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं को इस दिशा में गंभीरता के साथ समय रहते विचार करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से सारी दुनिया के देशों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वित्तीय अराजकता तीसरे विश्व युद्ध का कारण भी बन सकता है।

# ना मिलते हैं हाथ !



हो रहे प्रयास ।
आ जाएं सब साथ ।।
लेकिन इसके बाद भी ।
ना मिलते हैं हाथ ।।
दिल तो मिलना दूर है ।
करते सब किनारा ।।
चाहिए पर सबको ।
किसी का सहारा ।।
हैं सारे मजबूर ।
चाहिए कुछ ज्यादा ।।
जगजाहिर हो रहा ।
सार्वजनिक इरादा ।।
दाव पेंच जारी है ।
हो रहे तैयार ।।
देखते हैं कितना ।
कौन असरदार ।।

-कृष्णेन्द्र राय

# ...जब मात्र चार तारीख लगी न्याय प्रदान करने में!

अदालतों में तारीख-पे-तारीख के मिथक को तोड़ते हुए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय जोधपुर ने पीड़ित उपभोक्ता को उसके मुकदमा दर्ज कराने की चौथी तारीख पर ही न्याय देकर उपभोक्ता कानून की मूलभावना का सम्मान किया है।जोधपुर जिले के गवाल बेरा, नारवां निवासी गोपाराम और देवाराम ने डिस्कॉम, मंडोर के सहायक अभियंता के विरुद्ध जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर बताया कि उनकी तरफ से 3 वर्ष पहले आवेदन करने और विभाग द्वारा संपूर्ण राशि जमा करा लेने के बावजूद अभी तक विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। डिस्कॉम की ओर से अगली तारीख पर जवाब प्रस्तुत कर बताया गया कि परिवादी को दिसंबर, 2019 में ही कनेक्शन के आदेश जारी कर दिए गए थे लेकिन पड़ोस के लोगों की तरफ से बाधा उत्पन्न की गई, जिस वजह से कनेक्शन नहीं किया जा सका। परिवादी ने तर्क दिया कि पुलिस की सहायता से भी कनेक्शन सुचारू जा सकता है।

आयोग के अध्यक्ष डॉ श्याम सुन्दर लाटा, सदस्य डॉ अनुराधा व्यास, आनंद सिंह सोलंकी की बेंच ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद निर्णय में कहा कि विद्युत अधिनियम की धारा 43 के अनुसार उपभोक्ता द्वारा आवेदन करने पर विद्युत कंपनी की तरफ से एक माह के अंदर कनेक्शन दिया जाना आवश्यक है। कनेक्शन के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस सहायता लिए जाने की ड्यूटी विभाग की है, ना कि उपभोक्ता की। आयोग ने कनेक्शन में विलंब के लिए डिस्कॉम को सेवाओं में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता को एक माह में कनेक्शन नहीं देने पर 200 रुपए प्रतिदिन हजार्ना अदा करने का आदेश दिया है।इसी प्रकार जिला उपभोक्ता आयोग हरिद्वार ने आई क्यू सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल को चिकित्सा सेवा में लापरवाही के लिए दोषी मानते हुए पीड़ित उपभोक्ता को उपचार खर्च व वाद व्यय के रूप में 27575 रुपये मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दिए जाने का फैंसला सुनाया है। विनीत नगर रुड़की निवासी एस पी वत्स ने आंख में तकलीफ होने पर 10 नवंबर सन 2018 को निर्धारित शुल्क अदा करके आई क्यू सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ निमिषा अग्रवाल से चिकित्सीय परीक्षण कराया था और उन्होंने ही उनकी दायीं आंख का कोर्निया ऑपरेशन किया।लेकिन आपरेशन के बाद आंख ठीक होने के बजाए उसमे चुभन रहने लगी और दृष्टि भी पहले से कमजोर हो गई।जिसपर पीड़ित एस पी वत्स ने गाजियाबाद के चिकित्सक डॉ राजेश रंजन को दिखाया तो उन्होंने बताया कि आपरेशन में लापरवाही के कारण आंख में लैंस पीस रह गया है जिससे आंख में इंफेक्शन हुआ।उनके द्वारा आंख से लैस पीस तो निकाल दिया गया लेकिन आंख में हुए इंफैक्शन के कारण आंख पूरी तरह से ठीक नही हो पाई।जिस कारण उन्हें अभी भी अपना उपचार एम्स नई दिल्ली में कराना पड़ रहा है।जिला आयोग ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने विस्तृत निर्णय आदेश में आईक्यू हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ निमिषा अग्रवाल को चिकित्सा सेवा में लापरवाही के लिए दोषी मानते हुए पीड़ित उपभोक्ता को उक्त उपचार में व्यय हुई राशि अंकन 17575 रुपये मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज व अधिवक्ता शुल्क एवं वाद व्यय के रूप में अंकन दस हजार रुपए यानि 27575 रुपये एक माह में अदा करने का आदेश दिया है।इस तरह के अनेक मामलों में उपभोक्ता समयबद्ध न्याय प्राप्त करने में सफल रहे है। बाजारबाद के इस दौर में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पहली बार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,1986 बनाया था। लेकिन बदलते समय और शिकायतों के निवारण में व्याप्त जटिलता के कारण इस अधिनियम को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम,



2019 के द्वारा बदल दिया गया ।नया अधिनियम, अधिक समग्र व कठोर होने के साथ-साथ सरलीकृत विवाद समाधान प्रक्रिया और शिकायतों के ई-फाइलिंग का प्रावधान भी लाया है। अब उपभोक्ता अपनी शिकायत, अपने निकटतम जिला उपभोक्ता आयोग में दर्ज करा सकता है।जबकि पहले शिकायत वही दर्ज हो सकती थी जहां विक्रेता या सेवा प्रदाता का कारोबार, कार्यालय या शाखा कार्यालय होता था।अब जहां उपभोक्ता निवास करता है उसी क्षेत्र के उपभोक्ता न्यायालय में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।जो न्याय के प्रति सुलभता का प्रमाण है।समय के साथ हो रहे कानूनी बदलाव पर गौर करे तो उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम,2020 के अनुसार, डिजिटल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक सेवा प्रदाताओं के माध्यम से ऑनलाइन खरीददारी को भी इस अधिनियम की सीमा में शामिल गया है। साथ ही शिक्षा, मेडिकल एंड हेल्थकेयर, ट्रांसपोर्ट व टेलीकम्युनिकेशन, बैंकिंग सेक्टर, इंश्योरेंस तथा हाउसिंग कंस्ट्रक्शन इत्यादि सेवाओं को उपभोक्ता अधिनियम में शामिल करके उपभोक्ताओं के अधिकारों को अब अधिक व्यापक बनाया गया है। अधिनियम की धारा 2(7) के तहतउपभोक्ता एक ऐसा व्यक्ति है, जो किसी भी सामान या सेवा खरीदता है, जिसका भुगतान किया गया है या वादा किया गया है या आंशिक रूप से भुगतान किया गया है और आंशिक रूप से वादा किया गया है, या आस्थगित भुगतान की किसी भी प्रणाली के तहत ऐसे सामान या सेवाओं के लाभार्थी के अनुमोदन के साथ उपयोगकर्ता भी शामिल है। अधिनियम के तहत, अभिव्यक्ति कोई भी सामान खरीदता है और किसी भी सेवा को किराये पर लेता है या प्राप्त करता है मय इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या टेली-शॉपिंग या डायरेक्ट सेलिंग या मल्टी-लेवल मार्केटिंग के माध्यम से ऑफलाइन या ऑनलाइन लेनदेन शामिल हैं, को उपभोक्ता की श्रेणी में माना गया है। वही जहां अधिकार है वहां उपचार भी है। जैसा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एक उपचारात्मक विधि है इसलिए इस अधिनियम की धारा 2(9) में कुल 6 अधिकारों को यहां उपबंधित किया गया, जिनके उलंघन करने पर उपभोक्ता द्वारा विक्रेता या निमार्ता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती हैं।

इन अधिकारों में जीवन और संपत्ति के लिए खतरनाक वस्तुओं, उत्पादों या सेवाओं के मार्केटिंग से बचाव का अधिकार। गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, शुद्धता, मानक और वस्तुओं, उत्पादों या सेवाओं की कीमत के बारे में सूचित करने का अधिकार, ताकि उपभोक्ता को अनुचित व्यापार प्रथाओं से बचाया जा सके। सुनिश्चित होने का अधिकार कि प्रतिस्पर्धी कीमतों पर विभिन्न प्रकार की वस्तुओं, उत्पादों या सेवाओं तक उपभोक्ता की पहुंच हो रही है। सुनवाई का अधिकार और यह आश्वासन दिया जाना कि उपयुक्त मंचों पर उपभोक्ता के हितों पर उचित विचार किया जाएगा।अनुचित व्यापार व्यवहार या प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथाओं या उपभोक्ताओं के शोषण के खिलाफ निवारण की मांग करने का अधिकार; तथा उपभोक्ता जागरूकता का अधिकार भी निहित किये गए है। अनुचित व्यापार व्यवहार उपभोक्ता अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत बिक्री के लिए नकली माल का निर्माण या पेशकश करना या सेवा प्रदान करने के लिए भ्रामक प्रथाओं को अपनाना,प्रदान की गई सेवाओं और बेची गई वस्तुओं के लिए उचित कैश मेमो या बिल जारी नहीं करना,दोषपूर्ण वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेने से इनकार करना और बिल में निर्धारित समय अवधि के भीतर या बिल में ऐसा कोई प्रावधान नहीं होने पर 30 दिनों के भीतर वस्तु का मूल्य वापस प्रदान करना, उपभोक्ता की व्यक्तिगत जानकारी को किसी अन्य व्यक्ति के सामने प्रकट करना जो प्रचलित विधि के अनुसार न हो,उपभोक्ता ऐसे मामलों में शिकायत दर्ज करने में सक्षम होगा और धोखाधड़ी वाले व्यापारों को भी रोकने भी सहायक सिद्ध होगा।

# मुगलों का महिमामंडन करनेवाली वेबसीरीज ताज : डिवाइडेड बाय ब्लड एवं धार्मिक भेदभाव करनेवाला हलाल प्रमाणपत्र दिए जानेपर सरकार प्रतिबंध लगाए !

## – वाराणसी में हिन्दू राष्ट्र जागृति आंदोलन में हिन्दू संगठनों की संतप्त मांग

प्रखर वाराणसी। विदेशी आक्रांताओं तथा हिन्दुओं पर अमानवीय अत्याचार करनेवाले मुगलों का महिमामंडन करनेवाली वेबसीरीज ताज : डिवाइडेड बाइ ब्लड एवं मुसलमानों को केवल मुसलमानों के साथ ही व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित करनेवाला हलाल प्रमाणपत्र दिए जानेपर पर प्रतिबंध लगाया जाए इन मांगों के लिए यहां के शास्त्री घाट पर हिन्दू संगठनों ने मिलकर हिन्दू राष्ट्र जागृति आंदोलन किया । इस समय वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष श्री. अजीत सिंह बग्गा, महामंत्री श्री. कविंद्र जयसवाल, मंत्री श्री. संजय केसरी, मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश दत्त पांडे, श्री आदिमहादेव काशी धर्मालय मुक्ति न्यास के प्रबंध ट्रस्टी डॉ. रामप्रसाद सिंह, केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के श्री. मनीष कुमार शर्मा, पांडेयपुर व्यापार मंडल के श्री. गोपाल दास गुप्ता, हिन्दुस्तान समाचार के श्री. संजय शुक्ला, ऑटो यूनियन के अध्यक्ष श्री. ईश्वर सिंह, हिंदू समाज पार्टी के श्री. शुभम पांडे, महावीर सेना के श्री. अरविंद गुप्ता, हनुमान चालीसा मंडल के श्री. सुमित सर्राफ, हिन्दू जनजागृति समिति के श्री. राजन केशरी तथा अन्य धर्माभिमानी उपसथित थे ।

भारतीय दण्ड संहिताकी धारा 153-बी के अनुसार नागरिक को उसके मूलभूत अधिकारों से वंचित रखने का आवाहन करना, अपराध है । हलाल अर्थव्यवस्था मुसलमानों को केवल मुसलमानों के साथ ही व्यवहार करने हेतु प्रोत्साहित करती है । 153-बी के अनुसार यह धार्मिक अधिकार नहीं हो सकता । इसलिए सरकार को इसमें हस्तक्षेप कर कार्यवाही करना आवश्यक है । यह प्रमाणपत्र देनेवाले जमीयत उलेमा-ए-हिंद इस संस्था की ओर से अनेक आतंकी घटनाओं में संलिप्त मुसलमान आरोपियों को कानूनी




सहायता उपलब्ध कराई जा रही है । हलाल प्रमाणपत्र देनेवाली सभी संस्थाओं की सीबीआई एवं ईडी द्वारा जांच कर हलाल धन का उपयोग राष्ट्रीय सुरक्षापर कोई संकट तो नहीं है न इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए ।

जी-5 (ZEE5) ओटीटी प्लैटफॉर्म से ताज : डिवाइडेड बाई ब्लड वेबसीरीज प्रसारित की जा रही है । जिन मुगलों ने भारतीय संस्कृति नष्ट करने का प्रयास किया; हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया, हिन्दुओं का भारी संख्या में धर्मांतरण किया अथवा उसका धर्मांतर न करने पर उन्हें मार डाला; हिन्दू महिलाओं पर अनगिनत अत्याचार किए; जिसने भारतभूमि से हिन्दू धर्म को नष्ट करने का प्रयास किया, ऐसे अकबर को सहिष्णु, सर्वधर्मसमभावी, आध्यात्मिक आदि उपाधियां लगाकर उसका झूठा इतिहास प्रचारित किया जा रहा है ।

इस समय निम्न मांगें की गईं :

1. भारत में धार्मिक भेदभाव करनेवाला हलाल प्रमाणपत्र देनेपर प्रतिबंध लगाया जाए ।
2. अभिव्यक्ति स्वतंत्रता की आड में विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करनेवालों पर कार्यवाही करने के लिए नए सिरे से कानून बनाया जाए ।
3. समाज में धार्मिक सौहार्द बिगाडने का कारण बननेवाली ऐसी वेबसीरीज के निमार्ता तथा मुगलों का समर्थन करनेवाले कलाकारों पर कार्यवाही की जाए ।

# ई पेपर और डिजिटल मीडिया को मान्यता देना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी

प्रखर गाजीपुर। जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के बैनर तले सम्पन्न वर्चुअल बैठक में ई पेपर और डिजिटल मीडिया को मान्यता प्रदान करने की जोरदार आवाज उठायी गयी।

वक्ताओं ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान होता है। बिना पत्रकारिता अपने शैशवावस्था को छोड़कर आधुनिक पत्रकारिता का रूप ले चुकी है जहां अब सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए तमाम सारे विकल्प मौजूद हैं परंतु साधारणतया देखा जाता है कि इन विकल्पों के माध्यम से कभी-कभी उत्तेजित सामग्री परोसने के चलते समाज में विकृति और अव्यवस्था का माहौल बनता है और देश के सामाजिक ताने बाने को नुकसान पहुंचता है कभी कभी तो स्थिति अनियंत्रित भी हो जाती है। इन सबके बावजूद डिजिटल मीडिया का अपना एक अलग महत्व है। हाल के दिनों में इसका महत्व और भी बढ़ गया है और डिजिटल मीडिया ने समाज में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है। आज कुछ पलों में ही कोई भी खबर कुछ लोगों तक ही नहीं बल्कि कई देशों में प्रसारित हो रही है।

डिजिटल मीडिया का सीमित कार्यक्षेत्र अब असीमित हो गया है ऐसी स्थिति में अब इसके पंजीकरण और मान्यता की भी आवाजें उठने लगी हैं। संगठन का मानना है कि डिजिटल मीडिया को पंजीकृत मीडिया में स्थापित करने से जहां इसके फायदे लोगों को मिल सकेंगे वहीं दूसरी तरफ इससे होने वाले नुकसान पर सरकार अपना नियंत्रण बनाते हुए इसे निरंकुशता से बचा सकेगी।



संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना ने कहा कि आज के समय में डिजिटल मीडिया की महत्ता से इंकार नहीं किया जा सकता। सरकार की दोहरी नीति के कारण डिजिटल मीडिया की मान्यता अधर में है जो चिंतनीय है। हालांकि अब डिजिटल मीडिया का प्रयास भी होता है कि खबरों की विश्वसनीयता बनी रहे। खबरों में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कई बार पत्रकारों को जान तक जोखिम में डालना पड़ता है। संगठित अपराध, किसी माफिया और अधिकारी को बेनकाब करने के लिए जब कोई पत्रकार हिम्मत जुटाता है, तो उसे कुचलने के लिए चारों तरफ से पूरी कोशिश की जाती है और उस पत्रकार से पत्रकार होने का सबूत मांगा जाता है, परन्तु डिजिटल मीडिया का पंजीकरण न होने के चलते पत्रकारों के प्रेस कार्ड तक नहीं जारी हो पाते है जारी भी होता है तो अधिमान्यता की शर्तें पूरी नहीं कर पाते है। जिस कारण इन्हें फर्जी पत्रकारों या तथाकथित पत्रकारों की संज्ञा दी जाती हैं।

ऐसी जानकारियां शासन के जिम्मेदारों को संगठन के माध्यम से कई बार दी जा चुकीं है। इसके बावजूद सरकार अनजान बनी हुई है। लीगल एक्सपर्ट डॉ नूपुर धमीजा अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि डिजिटल मीडिया से आज रजिस्ट्रेशन दिखाओ के साथ-साथ कई और गंभीर प्रश्न किये जाते हैं । डिजिटल मीडिया पर पाबंदी का सबसे बेहतर जरिया है उसे फेक कह देना या फिर रजिस्टर्ड न होने की धौंस दिखाना। बड़ी मीडिया विज्ञापनों के दबावों में आसानी से मैनेज हो जाती है, लेकिन डिजिटल मीडिया पर बंदिशें संभव नहीं हैं।देश की जनता का भरोसा डिजिटल मीडिया पर बढ़ा है। पहले लोग डिजिटल की खबर पढ़कर सही गलत के फैसले हेतु प्रिंट या टीवी देखते थे लेकिन अब टीवी या प्रिंट में छपी खबर पर भरोसा करने के लिए यू-ट्यूब,फेसबुक या समाचार पोर्टल पर खबरें देखते हैं। अब डिजिटल मीडिया पर भरोसेमंद, शोधपरक और जनपक्षधर पहचान वाले तमाम पत्रकार मिल जाएंगे, जिन पर जनता किसी भी कॉरपोरेट घराने के पत्रकार और पत्रकारिता से ज्यादा ट्रस्ट करती है। अब समय आ चुका है कि डिजिटल मीडिया को रजिस्टर्ड मीडिया के रूप में मान्यता दी जाएं।

वरिष्ठ पत्रकार डा. ए.के. राय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटलीकरण से देश में व्यापक स्तर पर बदलाव हो रहा है। इससे मीडिया का क्षेत्र भी काफी प्रभावित हुआ है। आज देश में डिजिटल मीडिया और ई पेपर के क्षेत्र में व्यापक वृद्धि हुई है। इनके आने से दूरदराज के गांव देहात की खबरें भी अब राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने लगी हैं। डिजिटल मीडिया की पहुंच हर घर तक है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को भी अन्य पत्रकारों की भांति मान्यता प्रदान कर उनकी भी जिम्मेदारी उठाये। इसके साथ ही साथ सरकार को चाहिए कि डिजिटल मीडिया के नियमन और नियंत्रण तथा पत्रकारों के हित में मीडिया आयोग का भी गठन किया जाए।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ आर सी श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार प्रिंट मीडिया और डिजिटल मीडिया सभी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। डिजिटल मीडिया वर्तमान समय में अपना एक अलग महत्व रखती है और इसका पंजीकरण इससे जुड़े पत्रकारों के लिए मान सम्मान की बात है। आज ऐसे पत्रकारों की संख्या लाखों में नहीं बल्कि करोड़ों में है यदि सरकार इस संबंध में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाती है तो ऐसी स्थिति में आपसी भेदभाव और छोटे बड़े की भावनाओं को ताक पर रखते हुए एकजुट होकर हमें अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए ताकि डिजिटल मीडिया और ई-पेपर को यथोचित सम्मान मिल सके।

संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक झा के अनुसार आज कई राज्यों की सरकारें डिजिटल मीडिया के महत्व को समझते हुए उन्हें विज्ञापनों के साथ साथ उचित सम्मान देने की तरफ अग्रसर हैं परंतु जबतक केंद्र सरकार इस संबंध में कोई नीति निर्धारित नहीं करती तबतक राज्य सरकारों द्वारा किया गया प्रयास नाकाफी ही होगा।

संगठन के राजस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी राजू चारण ने कहा कि भारत के कई राज्यों ने डिजिटल मीडिया को परोक्ष या अपरोक्ष रूप से मान्यता देने के लिए हामी भरी है परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। इस संबंध में और भी कार्य करने की आवश्यकता है जब तक डिजिटल मीडिया को मान्यता नहीं मिल जाती है तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

# यूपी में माफियातंत्र अपनी अंत की ओर अग्रसित : दिनेश शर्मा



प्रखर मिजार्पुर। मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तरप्रदेश में माफियातंत्र अपनी अंत की ओर अग्रसित है। उक्त कथन प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान विधानपरिषद सदस्य दिनेश शर्मा ने मां विंध्यवासिनी दर्शन के पूर्व होटलरत्नाकर में प्रेसवार्ता के दौरान कही । उन्होंने कहा की योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बहुआयामी विकास के चलते उत्तम प्रदेश बनने की राह पर है । पहली बार देश का सर्वोच्च बजट तीन लाख नब्बे हजार करोड़ उत्तर प्रदेश को मिला हैं साथ साथ निवेशकों द्वारा भी तैतीस लाख करोड़ से अधिक धन निवेश करने की मंजूरी मिल चुकी है । समूचा प्रदेश आर्थिक रूप से सबल हो रहा है । यह वही उत्तर प्रदेश है जहां अमेरिका से आया सड़ा लाल गेहूं राशन कार्डो पर लाठी चार्ज के पश्चात बेचा जाता था उसी प्रदेश या यूं कहिए की पूरे देश में दस किलो गेहूं अस्सी लाख लोगो को मुफ्त में ढाई वर्षों से प्राप्त हो रहा है वह भी कोरोना काल के बावजूद । सत्रह के करीब एक्सप्रेसवे या एक्सप्रेसवे जैसी सड़को का निर्माण हुआ है । प्रत्येक जनपद में एक मेडिकल कालेज खोला जा रहा है जिनमे से लगभग पैंतीस पर काम भी जारी है । पिछली सरकारों ने पंद्रह सालों में जहां अड़तालिस माध्यमिक विद्यालय बनवाए थे वही हमारी सरकार ने पिछले पांच साल तथा अब तक के कार्यकाल में ढाई सौ से अधिक माध्यमिक विद्यालय स्थापित कर चुकी है । अठहत्तर डिग्री कालेज और बारह विश्वविद्यालय भी बने है । इससे यह प्रतीत होता है की प्रदेश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर कितना ज्यादा काम हुआ है ।

गावों में अट्ठारह से बाइस घंटे ग्रामीण क्षेत्रों में तथा चौबीस घंटे शहरों में विद्युत आपूर्ति की जा रही है । पिछली सरकारों में वन डिस्ट्रिक वन माफिया होता था वही हमारी सरकार ने वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट पर काम किया है । इसीलिए व्यवसायियों का भरोसा प्रदेश में बढ़ा है । आज एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर दो सौ पचास मेगावाट का नोएडा में लग चुका है । एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा जेवर में बन रहा है । भाजपा जब सत्ता में आई तो प्रदेश में दो हवाईअड्डे थे अब बीस हवाईअड्डे लगभग बन कर तैयार है । छह मेट्रो लगभग पूर्णता के नजदीक है । डिफेंस कोरिडोर का भी निर्माण चल रहा है । धर्म क्षेत्रों के सौंद्रीकरण से पर्यटन की अपार वृद्धि होगी । जिसका लाभ वहां के लोगो को रोजगार के अनेक माध्यमों से होगा । उन्होंने कहा की मैं योगी को धन्यवाद देता हूं की आगामी नवरात्र , रामनवमी पर समाज में एकरूपता लाने का काम राम के चरित्र के माध्यम से कर रहे है। इस दौरान नगरविधायक रत्नाकर मिश्र , मनोज जायसवाल , श्यामसुंदर केसरी इत्यादि लोग मौजूद रहे ।

## विद्युत कर्मियों ने निकाला मशाल जूलूस हड़ताल पर जाने का किया ऐलान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार की देर शाम को विधुत कर्मचारियों ने ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू करने के लिए मशाल जूलूस के जरिये विरोध जताया साथ ही 15 मार्च से कार्य बहिष्कार और 16 मार्च की रात से 72 घंटे की हड़ताल का ऐलान किया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक निर्भय नरायन सिंह के नेतृत्व में नगर के लाल दरवाजा स्थित पावर हाउस से मशाल जूलूस शहर कोतवाली मिश्र बाजार महुआ बाग होतें हुए कचहरी स्थित सरजू पांडे पार्क में सभा के समाप्त किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला संयोजक निर्भय नरायन सिंह ने कहा कि मंगलवार को प्रदेश ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा के साथ विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के बीच वार्ता तो की गई लेकिन इस का कोई भी नतीजा नहीं निकला। ऊर्जा मंत्री से विगत 3 दिसम्बर को लिखित समझौता हुआ था। उसके बाद भी कोई नतीजा न निकले की वजह विधुत कर्मियों में काफी आक्रोश व्यक्त है। विद्युत कर्मियों की मांगे पूरी नहीं होती है तो हम लोग कार्य बहिष्कार कर हड़ताल किया जाएगा। साथ ही यह ऐलान किया कि कर्मचारियों के धरने पर जाने से विधुत आपूर्ति में आने वाली बाधाओं की सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। मशाल जूलूस में जिलाध्यक्ष रोहित कुमार प्रदीप कुमार, अरविन्द, चित्रसेन, हर्षित राय, मनीष, संतोष यादव, पंकज कुमार, अजय विश्वकर्मा, अश्वनी सिंह, चद्रहास कुशवाहा, विजय शंकर राय, प्रवीण सिंह, शयाम लाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### अन्न दाता मंच द्वारा शोक सभा कर दिया गया श्रद्धांजलि



प्रखर मिजार्पुर जमालपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में सिंचाई व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की माता जी का लगभग ९७ वर्ष की आयु में निधन हो गया,जिसको लेकर अन्न दाता मंच द्वारा वैष्णवी कान्वेंट स्कूल खेमई बरी,साहुं के पुरा,जमालपुर, में शोकसभा कर माता जी की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया।शोक सभा में संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय किसानों द्वारा मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी किया गया।श्रद्धांजलि देने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित रामराज सिंह,बाबा दशरथ पटेल,सुरेंद्र सिंह,रुस्तम शाही, सुजीत पटेल,रमेश सिंह,प्रेमनाथ,जयराज गौतम राव,चंद्रकुमार,राजन विश्वकर्मा,अशोक,विपिन सिंह,जेपी दूबे,रहमान,राहुल कुमार,योगेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### सीवर लाइन की गुणवत्ता पर लगा आरोप, एमएलसी चंचल सिंह ने बैठाई जांच



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्य मंत्री योगी के भ्रष्टाचार मुक्त विकास मिशन का नमूना बुद्धवार को देखने को मिला, जब नगर में चल रही भाजपा सरकार की लगभग 200 करोड़ की सबसे बड़ी परियोजना सीवर लाईन बिछाने के निर्माण कार्य की जांच एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने जांच कमेटी द्वारा शुरू करायी। जांच के प्रथम चरण में सिंचाई विभाग पूर्व विधायक अलका राय के घर से लेकर अपना बाजार तक खुदाई कर के जांच टीम ने बड़ी बारीकी से निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीवर लाईन की जांच की खबर पूरे जिले में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई । जिससे पक्ष-विपक्ष को एक-दूसरे पर आरोप लगाने का मौका मिल गया। इस संदर्भ में एमएलसी चंचल सिंह बताया कि सीवर लाईन में घटिया सामाग्री का प्रयोग होने तथा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थी। जिसपर हमने जिलाधिकारी को जांच कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी व जल निगम के अधिशासी अभियंता नगर पालिका गाजीपुर के अधिशासी अधिकारी की एक टीम बनायी है। जांच टीम द्वारा आज प्रथम दिन निर्माण कार्य का गड्ढा खोद कर निरीक्षण किया गया है। एमएलसी चंचल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस के नीति के अंतर्गत विकास कार्यों में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नही होगा। जांच कमेटी द्वारा अन्य मार्गों पर भी बिछाये गये सीवर लाईनों की भी जांच होगी। रिपोर्ट आने पर सख्त कार्यवाही होगी। इस अवसर पर नगरपालिका गाजीपुर के पूर्व चेयरमैन विनोद अग्रवाल, राजन सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

### सचिवालयों को सभी सुविधाओं से किया जाएगा लैसः सीडीओ



प्रखर खेतासराय जौनपुर। जिले के सभी सचिवालय को हाईटेक किया जा रहा है। एक ही छत के नीचे सभी सुविधाओं को जनता को मुहैया कराया जाएगा। उन्हें तहसील और ब्लॉक का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। अफसर शासन के नीति को सही ढंग से अमल में लायें। किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उक्त बातें सीडीओ सीलम सांई तेजा ने बुधवार को सोंधी विकास खण्ड कार्यालय का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भवन देखकर लगता है कि इस कार्य के गुणवत्ता में कोई कमी नही होगी। इस के लिए यहाँ के जिम्मेदार निश्चित तौर पर बधाई के पात्र है। गांव में बने सचिवालय में बीस से पचीस विभागों की योजना को यहाँ से जोड़ा जाएगा। लेखपाल, बीसी सखी और कॉमन सर्विसेज समेत अन्य सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रारंभ में ब्लॉक प्रमुख पति अजय सिंह ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस से पूर्व उन्होंने विकास खण्ड का विधिवत निरक्षण किया। मालूम हो कि पंचम राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत निधि से 9.98 लाख की लागत से मरम्मत कार्य हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, बीडीओ नंदलाल कुमार, प्रभारी एसडीओ पंचायत लक्ष्मी चंद्र, मो आसिफ, कमलाकांत मौर्य, मो शाहिद समेत ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे ।

### गोवध निवारण अधिनियम के अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना पर दिनांक 19.09.2022 को 29 राशि गोवंश को पकड़ा गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0- 99/2022 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनिमय पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । जनपद के उच्च अधिकारियों द्वारा पशु तस्करी में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक अहरौरा को निर्देश दिए गए थे ।

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाते हुवे उसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार व उ0नि0 धीरज कुमार यादव थाना कछवां मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कछवां थाना क्षेत्र से एक नफर अभियुक्त मो0 रिजवान पुत्र मो0 अलहम निवासी जसोवर थाना को0देहात को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 किलों ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0- 23/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया ।

## हत्या के मामले में आरोपी बरी, पुत्र पर लगा था माता-पिता की हत्या का आरोप

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। हत्या के मामले में एक आरोपी को बड़ी राहत मिल गयी` सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने आरोप सिध्द न होने पर लहंगपुरा, थाना सिगरा निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ मन्नू को आरोप सिध्द न होने पर पर संदेह का लाभ देतें हुए दोष मुक्त कर दिया` अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव व बृजपाल सिंह यादव व नरेश यादव ने पक्ष रखा अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मोहम्मद अहमद उर्फ मन्नू ने 25 मार्च 2013 को सिगरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी` आरोप था कि 25 मार्च 2013 को वह अपने ससुराल मोहनसराय में था, उसी दौरान दोपहर 2 बजे मुहल्ले वालों से सूचना मिली की लल्लापुरा स्थित उसके घर में उसके माता-पिता मृत अवस्था में पड़े है सूचना पर वह तत्काल लल्लापुरा स्थित घर आया तो देखा कि पिता मोहम्मद हनीफ व मां अनवरी बेगम उर्फ मुन्नी घर के अलग-अलग कमरों में मृत अवस्था में पडे है। जिनके शरीर से खून रिरस रहा है तथा चोटो के निशान है उसे आशंका है कि उसके परिवार के स्व अली बाबा के लड़कों कल्लू,, लल्लू, हैदर व बाबू एवं उसकी मां से रास्ते, सीडी व बरामदा बनाने को लेकर अक्सर लड़ाई झगड़ा करते रहते थे इन्ही लोगो न उसके माता- पिता की हत्या की है` विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि मोहम्मद अहमद उर्फ मन्नू द्वारा मकान बेचने को लेकर माता-पिता की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद उसे मुल्जिम बनाया गया था अदालत में विचारण ने दौरान आरोपी पर आरोप सिध्द न होने के चलते उसे संदेह का लाभ देतें हुए उसे दोषमुक्त कर दिया।

## नाबालिग के साथ आपत्तिजनक हालत में युवक मिला, मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक के संग आपत्तिजनक हालत में परिजनों द्वारा पकड़े जाने पर हाथपाई कर आरोपित भाग निकला। घटना मंगलवार की रात्रि साढ़े 8 बजे की है। पुलिस को दिए तहरीर में नाबालिक लड़की के दादा ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक युवक अजीत सोनकर रात्रि साढ़े 8 बजे 15 वर्षीय पौत्री को बहला फुसलाकर कर कब्रिस्तान के पास ले गया। जब हम टहलते हुए कब्रिस्तान पहुचे तो वह आपत्तिजनक हालत में पौत्री के साथ मिला। उसे जब पकड़ा तो वह जाने से मारने की धमकी देते हुए युवक हाथपाई कर छुड़ा कर भाग निकला। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ 354 (क), 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



प्रखर वाराणसी। शीएट इंजीनियरिंग कॉलेज बाबतपुर वाराणसी में एचसीएल (HCL) कंपनी के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया, जिसमें 12 विद्यार्थियों का चयन किया गया । एचसीएल कंपनी के एचआर मैनेजर आनंद पांडे और उनकी टीम ने तीन राउंड साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद 12 बच्चों विशाल सिंह, सोनाली विश्वकर्मा, मनीषा यादव, साक्षी उपाध्याय, प्रतिक्षा मिश्रा, कुलदीप मौर्य, प्रदीप्त शुक्ला, दिव्या पाल, दिलशाद अली, गरिमा सिंह, प्रद्युम्न त्रिपाठी एवं हर्षित श्रीवास्तव को न्यूनतम 3.2 तथा अधिकतम 3.8 लाख के पैकेज के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया । संस्था मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, नए तकनीकी माध्यम का समावेश, PDP Trainer, GD Trainer तथा Communication Skill Training के द्वारा शीएट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के छात्रों को अधिक से अधिक प्लेसमेंट पाने के योग्य बनाया जा रहा है। छात्रों के विभिन्न कंपनियों में चयनित होने पर संस्था के चेयरमैन वीरेन्द्र सिंह, संस्था के वाईस चेयरमैन विनोद सिंह, संस्था के डायरेक्टर प्रो० कुलभूषण गुप्ता, संस्था के रजिस्ट्रार डॉ० विजय उपाध्याय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी विनय भक्तुला, वीरेंद्र प्रताप यादव, CRC डायरेक्टर विनय कुमार सिंह ने सभी छात्रों को बधाई तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर संस्था के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण ने छात्रों के सफल चयन पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## वाणिज्य कर कार्यालय का सच, खुले आसमान के नीचे हो रहा काम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे स्वर्गीय कमलेश सिंह के मकान पर बुलडोजर कार्यवाही से उनके मकान में चल रहा है। वाणिज्य कर कार्यालय को अस्थाई तौर पर आरटीआई छात्रावास में शिफ्ट तो कर दिया गया लेकिन इस कार्यालय में सुचारू रूप से कार्य संचालित नहीं हो पा रहा है। पूरी तरह से जर्जर भवन में स्थानांतरित किए गए कार्यालय के तमाम कर्मचारी खुले आसमान के नीचे बैठकर काम करने को मजबूर किए जा रहे हैं।



खुले आसमान के नीचे कर्मचारियों के कार्य करने की जानकारी होने पर कर्मचारी नेता दुर्गेश श्रीवास्तव के साथ अन्य कर्मचारी भी आरटीआई छात्रावास पहुंचकर वाणिज्य कर अधिकारियों से वार्ता की इस दौरान कर्मचारी नेता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि फोन के माध्यम से यह जानकारी मिली थी कि वाणिज्य कर के कर्मचारियों से खुले आसमान के नीचे काम कराने का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रावास में सामान शिफ्ट कराने का आदेश दिया गया था ना ही कार्यालय चलाने का। यहां पर पूरी बिल्डिंग जर्जर है न तो यहां बैठने लायक है और नहीं काम करने लायक है। हमारी मांग है कि यहां के कर्मचारियों को खुले आसमान के नीचे नहीं बल्कि एक छत के नीचे जगह देकर काम लिया जाए। वही टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत सेठ एडवोकेट ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा अस्थाई रूप से यहां भवन उपलब्ध कराया गया। शिफ्टिंग के बाद से कार्यालय का कार्य अभी तक शुरू ही नहीं हो सका है। इधर टैक्स को लेकर व्यापारी परेशान है क्योंकि वाणिज्य कर कार्यालय के द्वारा व्यापारियों से वसूली के लिए नोटिस तो जारी किया गया है लेकिन बंद कार्यालय के वजह से पूरी तरह से कार्य प्रभावित है।

## पैरामिलिट्री फोर्स ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। त्योहार में खलल डालने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। एसपी डॉ अजय पाल शर्मा के निर्देश पर बुधवार को पैरामिलिट्री फोर्स के साथ भारी संख्या में पुलिस बल ने शाहगंज, खेतासराय व अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। दरअसल 22 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र रामनवमी व 23 मार्च से पवित्र महीना रमजान के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। शासन के विशेष निर्देश पर शाहगंज के डिप्टी एसपी चोब सिंह, थानाध्यक्ष खेतासराय यजुवेंद्र सिंह, उप निरीक्षक महंगू यादव, उप निरीक्षक हरिशंकर यादव, प्रेम शंकर यादव ने पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ शाहगंज नगर के मुख्य चौराहा, श्रीरामपुर, गल्ला मंडी, आजमगढ़ रोड, कोतवाली चौराहा और खेतासराय कस्बे में खुटहन मार्ग, दीदारगंज मार्ग, मुख्य चौराहा से उत्तरी छोर पर काली मंदिर तक पुलिस फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान आमजन को जागरूक करते हुए शाहगंज के पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह ने कहा कि सभी त्योहार आपसी प्रेम और सौहार्द के हैं।

## पीजी कॉलेज पूर्वांचल विश्वविद्यालय परीक्षाओं में पकड़े गए 6 नकलची

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के क्रम में मंगलवार को सुबह की पाली में बी. एस-सी. तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान एवं सांय की पाली में बी.एड. की परीक्षायें सम्पन्न हुई जिसमें कुल 06 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में 22 बी.एड. महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सुबह की पाली में रसायन विज्ञान तृतीय सेमेस्टर में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 259 रहे जिसमें सभी उपस्थित रहे और 02 नकलची पकड़े गए तथा सायं की पाली में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1950 परीक्षार्थियों में 1918 उपस्थित एवं 32 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बी. एड. की परीक्षा में कुल चार परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य डॉ0 राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है। सूचिता एवं पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा देने के लिए महाविद्यालय परिसर के गेट से घुसते समय छात्र-छात्राओं को किसी भी तरीके के किसी अनुचित साधन का प्रयोग न करने की हिदायत दी जा रही है। नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों के खिलाफ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है। आंतरिक उड़का दल के सदस्य के रूप में डॉ०एस. डी. सिंह परिहार, डॉ० एस.एन. सिंह, डॉ० अरूण कुमार यादव, डॉ० रविशंकर सिंह, डॉक्टर बद्रीनाथ सिंह, डॉक्टर अनुराग सिंह, डॉक्टर आर.पी.सिंह, डॉक्टर शिप्रा श्रीवास्तवा आदि उपस्थित रहे।



## गांवो में सहकारी समितियों के चुनाव की सरगर्मी, एक एक वोट के लिए माथापच्ची कर रहे हैं प्रत्याशी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। 14 मार्च मंगलवार को सहकारी समितियों के चुनाव के लिए पर्चा दाखिला हो जाने के बाद गांवो के किसानों में सहकारी समितियों की सरगर्मी बढ़ गई है हर किसान सिर्फ सहकारी समितियों के चुनाव की चर्चा में मशगूल है । इस बार कौन डायरेक्टर बनेगा कौन अध्यक्ष पद का प्रत्याशी होगा इसी कूड़ा गणित में गांव का किसान इन दिनों लगा हुआ है ।मंगलवार को जनपद में हुए सहकारी समितियों के नामांकन में डायरेक्टर पद के लिए लगभग 332 पर्चे बिके जिसमें मिली जानकारी के अनुसार 330 लोगों ने डायरेक्टर पद के लिए नामांकन किया वहीं कई स्थानों पर निर्विरोध डायरेक्टर चुने गए । इस बार सहकारी समिति के चुनाव में सत्ता पक्ष द्वारा रूचि लिए जाने से किसानों का चुनाव काफी रोचक हो गया है । सहकारी समिति अहरौरा में डायरेक्टर पद के लिए कुल 9 वार्डों के लिए 28 लोगों ने पर्चा दाखिल किया है। बताया जाता है कि कुल 31 फार्म बिके थे । अहरौरा क्षेत्रीय सहकारी समिति के



सचिव शिव श्याम ने बताया कि धुरियां क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 से हौसला प्रसाद सिंह अकेले प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध डायरेक्टर हो गए । सहकारी समिति के वार्ड नंबर अहरौरा डीह से किसानों के मसीहा कहे जाने वाले किसान नेता स्वर्गीय लाल बहादुर सिंह की पत्नी एवं समाजसेवी तथा किसान नेता वीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह की माता सुमित्रा देवी द्वारा अपना नामांकन के किए जाने के कारण चुनाव काफी रोचक हो गया है । इसी तरह अहरौरा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 से समाजसेवी एवं मानवाधिकार के कार्यकर्ता राजेश सिंह द्वारा नामांकन करने से नगर का भी चुनाव रोचक नजर आ रहा है ।और लोगों की निगाहें इन दोनों प्रत्याशियों पर बनी हुई है । इसी तरह सोनपुर सहकारी समिति सोनपुर में स्थित 9 वार्डों के लिए 22 लोगों ने पर्चा खरीदा जिसमें 21 लोगों ने बताया नामांकन किया। वार्ड नंबर 1 अतरौली से माया देवी पत्नी अवधेश सिंह निवासी अतरौली निर्विरोध डायरेक्टर चुनी गई।

**18 मार्च को होगा मतदान**– सहकारी समिति के चुनाव के विषय में सचिव शिव श्याम ने बताया कि 14 मार्च को पर्चा दाखिला हो जाने के बाद 15 मार्च को सभी पर्चों की जांच किया जाएगा एवं 16 मार्च को पर्चा वापसी के साथ ही चुनाव चिन्ह का आवंटन भी होगा । एक दिन का समय प्रत्याशियों को अपने प्रचार एवं लोगों को चुनाव चिन्ह बताने के लिए मिलेगा इसके बाद 18 मार्च को चुनाव संपन्न होगा । उन्होंने बताया कि चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए संपूर्ण तैयारी पूरी कर ली गई है ।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ईओ अंगद गुप्ता ने महिलाओं को किया सम्मानित

प्रखर मिजार्पुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लालडिग्गी स्थित पालिका के प्रधान कार्यालय पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सहयोग करने वाली महिलाओं को ईओ अंगद गुप्ता ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।बता दे इन महिलाओं द्वारा सभी स्वच्छता के जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर लोगो को जागरूक किया था। इन महिलाओं द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 10तक डोर टू डोर कलेक्शन में घरेलू महिलाओं को पालिका की कूड़ा गाड़ी में कूड़ा देने, डस्टबिन रखने एवं सूखा और गिला कूड़ा अलग अलग देने के लिए अपील की थी।इसके साथ ही सड़को पर कूड़ा न फेकने और गंदगी न करने के लिए जागरूक भी किया गया था।इस मौके पर ईओ ने कहा की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छता के अभियानों में बढ़ चढ़ के भाग लेने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है।ये महिलाएं नगर को स्वच्छ बनाने के लिए लोगो को जागरूक करने का कार्य कर रही है।घर महिलाएं जागरूक हो जाए तो नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग मिलेगा। इस मौके पर पीओ डूडा प्रतिभा श्रीवास्तव,कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह,जिला संयोजक हिमांशु केसरवानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## अफगानिस्तान पर उज्बेकिस्तान ईरान के विदेश मंत्रियों की चर्चा

**तेहरान, (एजेंसी)।** ईरान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने यहां अफगानिस्तान की स्थिति पर चर्चा की और अफगानिस्तान को मजबूत करने के लिए पड़ोसी देशों के रूप में सहयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता के लिए सहयोग का आह्वान किया। उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बैक्सटियोर सैदोव ने अपने ईरानी समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन सहित देश के अधिकारियों से मिलने के लिए ईरान पहुंचे। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता के लिए सहयोग का आह्वान किया।

## ढाका में आग से 100 झुग्गियां हुईं खाक

**ढाका, (एजेंसी)।** बंगलादेश की राजधानी ढाका में सबसे बड़ी झुग्गियों में से एक झुग्गी में भीषण आग लगने से कम से कम 100 झुग्गियां जलकर खाक हो गई। दमकल सेवा मुख्यालय में ड्यूटी अधिकारी राशिद बिन खालिद ने पत्रकारों को बताया कि सोमवार शाम स्थानीय समयानुसार लगभग 1950 बजे ढाका के तेजगांव औद्योगिक क्षेत्र स्थित कुनीपारा झुग्गी बस्ती में आग लग गयी और यह जल्द ही सैकड़ों झुग्गियों वाले क्षेत्र में फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर दमकल टीम घटनास्थल पर पहुंची और करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

## महिला यात्री पर की पेशाब टीटीई नौकरी से बर्खास्त

**लखनऊ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अमृतसर से कोलकाता जा रही अकाल तख्त एक्सप्रेस ट्रेन में रविवार रात को एक शर्मनाक घटना घटी थी। ट्रेन में मौजूद टीटीई ने एक महिला के सिर पर पेशाब कर दिया था। अब इस मामले पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्शन लेते हुए टीटीई को तुरंत प्रभाव से नौकरी से निकालने के आदेश दिए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आरोपी टीटीई को तुरंत प्रभाव से नौकरी से निकाले जाने का आदेश देते हुए कहा है कि इस तरह की घटना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उत्तर रेलवे की ओर से नोटिस जारी कर कहा गया है कि रविवार देर रात ट्रेन में सफर कर रही महिला के सिर पर टीटीई मुन्ना कुमार ने पेशाब किया था।

## मदरसा पैराटीचर्स अब बनेंगे शिक्षा अनुदेशक

**जयपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मदरसा पैराटीचर्स को शिक्षा अनुदेशक बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर दिया है। अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद की अनुशंसा पर किए गए निर्णय के बाद अब राज्य में मदरसा पैराटीचर्स को शिक्षा अनुदेशक बनाया जाएगा। इसके साथ ही अब राजस्थान मदरसा बोर्ड से पंजीकृत मदरसों में कार्यरत मदरसा पैराटीचर्स को न्यूनतम मानदेय के रूप में 11 हजार 539 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर अब 16 हजार 900 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। श्री मोहम्मद ने बताया कि राजस्थान सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। बजट 2023-24 में जो घोषणाएं हुई हैं, उन्हें जल्द से जल्द लागू किया जाएगा।

## पापुआ न्यू गिनी में लगे भूकंप के तेज झटके

**पोर्ट मोरेस्बी, (एजेंसी)।** दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में द्वीपों का एक समूह पापुआ न्यू गिनी के मडांग में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.3 मापी गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। पापुआ न्यू गिनी इंडोनेशिया के समीप प्रशांत महासागर क्षेत्र में एक स्वतंत्र राष्ट्र है जो दक्षिण पश्चिम प्रशांत महासागर क्षेत्र में द्वीपों का एक समूह है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप का 5.43 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 146.83 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 221.58 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## आज का इतिहास

- 1901: अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में घोड़ों की दौड़ पर प्रतिबंध लगा।
- 1964: सोवियत संघ ने किया पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण।
- 1969: भारतीय नौसेना में पहला हेलीकॉप्टर दस्ता गोवा में शामिल।
- 1985: पहला डोमेन नाम 'सिम्बोलिक डॉट कॉम' पंजीकृत किया गया।
- 1999: एल्डबजोर्ग लोवर नार्वे की प्रथम रक्षामंत्री बनीं।
- 2002: बार्सिलोना में यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन शुरू
- 2003: चीन में सत्ता नई पीढ़ी के हाथ आई हू जिन्ताओ राष्ट्रपति बने।
- 2008: महात्मा गांधी की प्रतिमा इटली के पोसिलियो में स्थापित की गई।
- 2009: लखनऊ ने महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता जीती।
- 2011: सीरिया में बड़े पैमाने पर गृहयुद्ध शुरू हुआ।

## भाजपा सरकार में गरीबों के ऊपर अत्याचार हो रहे- सपा प्रतिनिधि मण्डल

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निदेर्शानुसार समाजवादी पार्टी का 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल जौनपुर के ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ, थाना सुजानगंज में कमाल हुसैन की हुई हत्या की जानकारी लेने, घायलां एवं पीड़ित परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ जनपद जौनपुर पहुंचा वही प्रतिनिधि मंडल ने परिवार से घटना की पूरी जानकारी लिया और कहां जिस तरह भाजपा सरकार में इस गरीबों के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है मुख्यमंत्री देश के ऐसे नेता हैं जो अपने अपराध को स्वयं खत्म करने का काम किए उनसें न्याय की क्या उम्मीद किया जाएगा और वही अगर मुख्यमंत्री के जाती का कोई अपराध करता हैं तो उन सभी अपराधियों को पूर्ण रूप से समर्थन देने का काम कर रहे हैं जहां उनके जाती के अपराधी अपराध कर रहे हैं शासन प्रशासन भाजपा सरकार के उन्हें बचाने व संरक्षण देने का काम कर रही हैं इस गरीब परिवार के महिलाओं बच्चों को इतनी बुरी तरह पीटा गया भाजपा जहां महिलाओं के सम्मान की बात करती है वही आज यह कहना चाहता हूं कि अपराधियों को घर पर बुलडोजर कब चलेगा लेकिन हमको यह उम्मीद नहीं है क्योंकि बाबा अपने जाती लोगो पर बुलडोजर नहीं चलाएंगे इसलिए बाबा इसमें न्याय नहीं दे सकते हैं समाजवादी पार्टी पूरे परिवार के सहयोग मे हमेशा खडी रहेगा इस घटना की पूरी जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंचाया जायेगा और इस लडाई को सदन से लेकर सडक तक न्याय दिलाने के लिए किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई विधायक तूफानी सरोज लकी यादव,राम सिंह पटेल पूर्व विधायक,ओम प्रकाश दूबे (बाबा दूबे) कैलाश सोनकर,जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव महासचिव हिसामुद्दीन शाह रहे वहां मौजूद प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, राघवेंद्र यादव, प्रेम यादव डां सरफराज,ललित यादव, समेत हजारों संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।



## ऐतिहासिक होगा श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा

### समिति के अध्यक्ष बने अनिल बरनवाल, शोभयात्रा संयोजक रवि शंकर साहू एवं कार्यक्रम प्रभारी मनोज दमकल

प्रखर मिजार्पुर। श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति की बैठक नगर के बेलतर स्थित अग्रसेन भवन में संपन्न हुई । जिसमें प्रदेश की विशाल शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए कार्य समिति का गठन किया गया । जिसमें अध्यक्ष अनिल बरनवाल, मंत्री विनय मिश्र अंकज के नाम की घोषणा की गई। शोभायात्रा संयोजक रविशंकर साहू, कार्यक्रम प्रभारी मनोज दमकल, कार्यक्रम सह संयोजक शिवांशु सिंह, विशाल मालवीय, सह प्रभारी अश्वनी गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव, श्रीधर पांडेय, आकाश गुप्ता को दायित्व सौंपा गया। सर्व व्यवस्था प्रमुख महेश तिवारी, मोटर साइकिल जन जागरण यात्रा प्रभारी ऋषि सिंह प्रांजल, सह प्रभारी विकास मौर्य, विशाल दुबे, विराट सोनकर का चयन किया गया ।इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर आयुष केसरवानी, प्रांशु साहू , लालजी बम, गणेश साहू, राजीव सिंह, आकाश सिंह, विवेक चौरसिया का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर राज माहेश्वरी, महिला प्रमुख संतोषी निषाद, महिला प्रभारी दीपा ऊमर, महिला सह प्रमुख शिखा अग्रवाल, गुंजन गुप्ता,दीपा केसरी एवं गुंजा गुप्ता को दायित्व सौंपा गया। सुरक्षा प्रमुख की जिम्मेदारी गोपाल केसरवानी सह सुरक्षा प्रमुख पवन कुमार एवं विष्णु केसरवानी को दी गई। संरक्षक एवं मीडिया प्रभारी का दायित्व नितिन अवस्थी को सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विहिप के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की नम्बर एक की शोभायात्रा का रिकार्ड जिले के नाम पर हैं। इस बार और भव्यता देने के लिए गाँव से लेकर नगर के विभिन्न वार्डों में बैठकों का दौर जारी है। अध्यक्ष अनिल बरनवाल ने कहा कि संगमोहाल स्थित हनुमान मंदिर पर भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना नवरात्रि के प्रथम दिन किया जायेगा। नवरात्रि तक विशेष पूजन अर्चन किया होगा। बैठक के दौरान पदों की घोषणा विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ने की। ओम का उच्चारण कर बैठक का समापन किया गया। इस मौके पर संगठन के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन मनोज दमकल एवं शिवांशु सिंह ने किया।

## बहरीन में भारतीय सांसद ने पाक को लगाई लताड़

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** बहरीन में अंतर-संसदीय संघ की बैठक में भारत के प्रतिनिधि बीजू जनता दल के सांसद सस्मित पात्रा ने कहा कि इस मंच पर पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर का जिक्र करना बर्दाश्त नहीं करेंगे। बहरीन में अंतर-संसदीय संघ की 146वीं बैठक में भारत के प्रतिनिधि नवीन पटनायक की पार्टी बीजू जनता दल के सांसद सस्मित पात्रा ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का इस मंच पर जम्मू -कश्मीर के बारे में बोलना हम स्वीकार नहीं करेंगे। पात्रा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान ने एक बार फिर इस मंच का गलत इस्तेमाल कर जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया। यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। ये भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। इसे किसी भी देश की तरफ से की गई भाषणबाजी और प्रोपेगैंडा के जरिए खारिज नहीं किया जा सकता। तथ्य हमेशा तथ्य ही रहेगा।

सस्मित पात्रा ने एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें कि वो कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास कोई अधिकार नहीं है कि वह भारत के आंतरिक मामलों पर बोल सके। हमने लगातार यह बात कही है कि वह गैरकानूनी और जबरन कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को तुरंत खाली करे। उन्होंने आगे कहा कि यह विडंबना है कि जो देश सीमापार से आतंकवादी वारदातों को अंजाम देने के लिए जाना जाता हो या जम्मू-कश्मीर में अटैक करवाने के लिए जिम्मेदार है वो मानवाधिकारों और बड़ी-बड़ी बातें कर रहा है। मैं फिर से कहना चाहूंगा कि पाकिस्तान ने इस प्लेटफॉर्म का गलत इस्तेमाल कर जम्मू-कश्मीर के बारे बोला है।

### लाहौर में जमकर बवाल, बख्तरबंद गाड़ियों ने घर घेरा, हेलीकॉप्टर से चौकसी

## इमरान खान की गिरफ्तारी कभी भी कार्यकर्ता कर रहे पुलिस से संघर्ष



लाहौर (एजेंसी)। पाक के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गिरफ्तार की तलवार लटक रही है। वे कभी भी गिरफ्तार हो सकते है, वारंट जारी हो चुका है इससे पूर्व तीन बार प्रयास भी हुए हैं, लेकिन इमरान हर बार बच निकलते हैं। इस बार लाहौर में जमकर बवाल मच गया। जमन पार्क स्थित इमरान के घर को बख्तरबंद गाड़ियों ने रखा है, हेलीकॉप्टर से सतत चौकसी बरती जा रही हैं।, कहीं इस बार फिर इमरान गायब न हो जाएं।

पाकिस्तान में एक बार फिर हिंसा का दौर जारी है। यहां पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच देर रात तक संघर्ष जारी थी। एक बार फिर पुलिस इमरान को गिरफ्तार करने पहुंची और पूर्व पीएम के समर्थकों ने सुरक्षाबल से दो-दो हाथ कर लिए। पहले चट्टान की तरह अपने नेता के बचाव में खड़े रहे और फिर जमकर उत्पाद मचाया गया। लाठी डंडों के जरिए पुलिस को रोकने की कोशिश हुई। उस वजह से दूसरी तरफ से भी लाठीचार्ज हुआ और आंसू गैस के गोले तक दाग दिए गए। यानी कि जमीन पर तनाव चरम पर रहा, लेकिन इमरान की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

### गिरफ्तारी की तलवार और जमीन पर बवाल

असल में जब कोर्ट के आदेश पर इस्लामाबाद पुलिस की एक टीम इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए लाहौर में उनके घर पर पहुंची तो इस दौरान उनके सैकड़ों समर्थक भी वहां पहुंच गए और इन लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस के साथ धक्का मुक्की शुरू कर दी। और इसके बाद तनाव काफी बढ़ गया और पुलिस ने इमरान खान के समर्थकों पर लाठीचार्ज किया और स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इस हिंसा के बीच इमरान खान ने अपना एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने ये कहा है कि, जेल में उन्हें बन्द करके उनकी हत्या करने की साजिश रची जा रही है और इस साजिश के पीछे पाकिस्तान की मौजूदा सरकार है।

## इस्लाम में मतदान हराम, भारत के खिलाफ आईएसआईएस खोरासान की खौफनाक साजिश

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** जम्हूरियत के खिलाफ जिहाद, इस्लाम में मतदान हराम इसी तरीके के संदेश अपने कई कैडर को देकर आईएसआईएस खोरसान दक्षिण भारत के बाद अब मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में जहर फैलाने की साजिश रच रहा है। इतना ही नहीं अपने इन मंसूबों में क्रिप्टो करेंसी लेनदेन का इस्तेमाल आईएसआईएस कर रहा है। कुछ दिनों पहले एनआईए की एक कार्रवाई में आईएसआईएस खोरासान के इस खतरनाक मंसूबे का खुलासा हुआ है।

### एनआईए ने किया खतरनाक मंसूबों का खुलासा

आईएसआईएस खोरासान, अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ मोर्चा लेने के बाद भारत में यह अपने पैर पसारने की जुगत में लगा हुआ है। खुफिया सुरक्षा एजेंसियों ने हाल ही के दिनों में इसके कैडरों के खिलाफ जो कार्रवाई की है उसमें ये खुलासा हुआ है कि इस्लाम के नाम पर वोट ने देने के लिए आईएसआईएस खोरासान लगातार युवाओं को भड़का रहा था। दक्षिण भारत के बाद एमपी और महाराष्ट्र में अपनी गतिविधियां फैलाने के मिशन पर ये लगा हुआ था। एनआईए सूत्रों के मुताबिक भारत में आईएसआईएस खोरासान का तरीका दूसरे आतंकी संगठनों से बिल्कुल अलग है। छोटे धमाके और आगजनी की घटना को एक साथ ये अंजाम देते हैं और इस काम में मदद मिलती है इनके द्वारा तैयार किए गए काडरों से जहां तक अपने नेटवर्क के लिए पैसों की लेनदेन क्रिप्टो के जरिए होता है।

## सिर पर हाथ फेरना लज्जा भंग नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट



मुंबई, (एजेंसी)। लड़कियों के साथ सेक्सुअल असॉल्ट के मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि नाबालिग लड़की के सिर और पीठ पर केवल हाथ फेरने को सेक्सुअल असॉल्ट नहीं कहा जा सकता है। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने 28 वर्षीय एक व्यक्ति को निर्दोष सिद्ध करते हुए कहा कि किसी गलत नीयत के बिना नाबालिग लड़की की पीठ और सिर पर केवल हाथ फेर देने से उसकी लज्जा भंग नहीं होती।

मामला 2012 का है, जब 18 साल के व्यक्ति पर 12 साल की एक लड़की की लज्जा भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसकी पीठ और सिर पर हाथ फेरते हुए कहा था कि वह बड़ी हो गई है। कोर्ट ने 10 फरवरी को मामले में फैसला सुनाया, जिसकी प्रति 13 मार्च को उपलब्ध हुई। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने दोषसिद्धी रद्द करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत नहीं होता कि दोषी का कोई गलत इरादा था, बल्कि उसकी बात से लगता है कि वह पीड़िता को बच्ची के तौर पर ही देख रहा था। न्यायाधीश ने कहा कि किसी स्त्री की लज्जा भंग करने के लिए किसी का उसकी लज्जा भंग करने की मंशा रखना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि 12-13 वर्ष की पीड़िता ने भी किसी गलत इरादे का उल्लेख नहीं किया। उसने कहा कि उसे कुछ अनुचित हरकतों की वजह से असहज महसूस हुआ।

## स्कूटी सवार महिला की ट्रेलर से कुचलकर दर्दनाक मौत, बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। स्थानीय बाजार के बाहर गाजीपुर आजमगढ़ राजमार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के पास बुधवार की सुबह सात बजे ट्रेन पकड़ने स्कूटी पर सवार होकर जा रही महिला के असंतुलित होकर बालू लेकर गाजीपुर से आजमगढ़ की तरफ जा रहे टेलर के बीच वाले पहिए के नीचे आने से मौके पर कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी चालक युवक व स्कूटी को खरोच तक नहीं आई। महिला के पहिए के नीचे पड़ते ही जब ट्रेलर चालक को इसकी जानकारी हुई तो वह बीच सड़क पर ट्रेलर खड़ा कर मौके से फरार हो गया। जबकि ट्रेलर का खलासी उसी में सोया रहा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई व सड़क जाम हो गया। सूचना पर एसओ प्रवीण यादव पूरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। क्षेत्र के बड़ागांव निवासी आशा कुशवाहा (45) पत्नी चंद्रहास कुशवाहा गांव के ही एक युवक गोलू यादव के साथ स्कूटी पर सवार होकर दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने के लिए जा रही थी। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार मिली कि वह रिश्तेदारी में किसी की मौत पर उसके दरवाजे जा रही थी । मृतका के पति गुजरात के भुज स्थित जिंदल कंपनी में प्राइवेट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। इस घटना के बाद उनको पत्नी के गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की जानकारी दी गई। जिस पर वह तुरंत घर के लिए रवाना हो गए ।घटना के चलते गाजीपुर आजमगढ़ राजमार्ग पर डेढ़ घंटे तक वाहनों का आवागमन बंद रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले ट्रेन जेसीबी मंगाकर ट्रेलर को उठाकर पहिए के नीचे फसे शव को निकलवाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहा। तब क्रेन मंगाकर ट्रेलर को उठाकर शव निकालने का प्रयास किया लेकिन लोड के चलते क्रेन भी ट्रेलर को उठाने में असफल रही ।पैर छोड़कर महिला के शरीर का पूरा हिस्सा कुचल गया था। ट्रेलर को आगे करने पर महिला का शव उसमें से निकाला गया। मृतका आशा घर पर रहकर खेती गृहस्थी से लेकर सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती थीं। उनके तीन पुत्रियां व एक छोटा पुत्र है। एक पुत्री की शादी हो चुकी है। स्कूटी चालक गोलू यादव ने इस घटना की तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## 10 वर्षीय शफात ने मुकम्मल की कुरान शरीफ



प्रखर जौनपुर । शहर के मोहल्ला दिलाजाक, पठान टोला के रहने वाले मुख्तार सिद्दीकी के पोते शफात ने 10 वर्ष की कम आयु में ही इस्लाम धर्म की पवित्र किताब कुरान शरीफ को अरबी भाषा में पढ़कर कंप्लीट कर लिया, इस मौके पर उनके उस्ताद इनामुल हक ने बताया कि कुरान शरीफ एक ईश्वरीय किताब है जो इंसान को इंसानियत का रास्ता दिखाती है, इसको सिर्फ सवाब की नियत से ही नहीं पढ़ना चाहिए बल्कि इसकी लिखी हुई बातों पर अमल करके उसको अपनी जिंदगी में अमलीजामा भी पहनाना चाहिए। ताकि हम अपनी जिंदगी में और अपने समाज के बीच इंसानियत का पैगाम पहुंचा सकें, शफात द्वारा कम उम्र में कुरान शरीफ मुकम्मल करने पर घरों के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई, इस मौके पर ,महताब सिद्दीकी,सरताज सिद्दीकी ,सेराज सिद्दीकी ,सद्दाम सिदिकी, कमर, आमिर, अशियम,असद, समद, अब्दुल मान, यूसुफ, आदि लोग मौजूद रहे ।

### आयोजन — भविष्य में खाद्य सुरक्षा पर विचार-विमर्श के लिए नई दिल्ली में सम्मेलन का शुभारंभ

## पौध आधारित खाद्य महत्वपूर्ण विकल्प

### आहार प्रदर्शनी के दौरान पौध आधारित युग के उषाकाल विषयक कांफ्रेंस को कृषि मंत्री ने किया संबोधित

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** भविष्य में खाद्य सुरक्षा के दृष्टिगत विकल्प में पौध आधारित आहार पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित आहार प्रदर्शनी के दौरान पौध आधारित युग के उषाकाल विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्लांट बेस्ड फूड्स इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (पीबीएफआईए) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पौध आधारित खाद्य वक्त की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही रोजगार के अवसर सृजित करने और कृषि क्षेत्र को भी बल देने वाला है। जो चुनौतियां कृषि के सामने आ रही हैं, उनके मद्देनजर पौध आधारित आहार वैकल्पिक महत्वपूर्ण कदम है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भविष्य में जरूरत पड़ने वाले विकल्पों को अगर हम अभी से तैयार कर लेंगे तो आने वाले समय में संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों से हम अच्छी तरह से अवगत हैं, खाद्य सुरक्षा इन्हीं में से एक है। आने वाले समय में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, उस समय तक आबादी भी बढ़ जाएगी, वहीं आधुनिक व विकसित भारत के लिए हो रहे अधोसंरचनात्मक विकास, बड़ी संख्या में नई रेल लाइनों को बिछाना, विश्वस्तरीय नेशनल हाईवे बनाना जैसे कार्यों के कारण खेती का रकबा कम होने की संभावना को भी देखना होगा। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के महान उद्देश्य को पूरा करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार तेजी के साथ राज्य सरकारों के साथ मिलकर जुटी हुई है। वर्ष 2050 तक कितने खाद्यान्न की आवश्यकता हमें रहेगी व दुनिया की अपेक्षा हमसे कितनी बढ़ेगी, इस पर अभी से विचार करने की आवश्यकता है। इस दिशा में केंद्र सरकार अपने स्तर पर पूरे प्रयास कर रही है और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने समग्र व संतुलित विकास की कल्पना को साकार करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कदम बढ़ाए हैं। कृषि में लोगों की रुचि निरंतर बढ़े, यह भी हमारी जिम्मेदारी है, इसीलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी हमेशा आग्रह करते हैं कि कृषि क्षेत्र में निजी निवेश आना चाहिए, नई तकनीकें आना चाहिए, काम सरल होना चाहिए और किसानों को मुनाफा ज्यादा मिलना चाहिए, इससे आने वाली पीढ़ी कृषि की ओर आकर्षित होगी। किसान खेती का आधार है, यह बात समझना होगी। किसानों को फायदा व प्रतिष्ठा देना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि वह खेती में रुके, देश का पेट भर सके और दुनिया की अपेक्षा को भी पूरा कर सकें। सरकार की तरफ से विभिन्न योजनाओं द्वारा इस दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं।




श्री तोमर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के साथ ही पोषक दृष्टि से भी विकल्प तैयार करना समय की जरूरत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है।

## विद्यालय विकास में अभिभावकों की भूमिका अहम : डॉ गोरखनाथ पटेल

प्रखर जौनपुर। जिले के सिकरारा विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में बुधवार को अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि हमें अभिभावकों का भरोसा जीतना होगा। आज भी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक किसी पब्लिक स्कूल से योग्य और कुशल मार्ग दर्शक हैं। जरूरत है बच्चों से बेहतर जुड़ाव व समर्पण की। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही प्रवेश दिलाएं। घर पहुंचने पर जरूर देखें कि आपका बच्चा आज क्या पढ़कर आया और क्या सीखा। साथ ही उसकी प्रगति के बारे में गुरुजनों से संपर्क करते रहें। बीएसए ने कहा कि शिक्षक व अभिभावक में बेहतर समन्वय से ही शिक्षा का स्तर सुधरेगा। खंड शिक्षा अधिकारी आंनद प्रकाश सिंह ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं। उनका सहयोग बच्चे की पढ़ाई और विकास को प्रेरित करता है। शिक्षकों को अभिभावकों से निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि कहा कि वर्तमान समय मे विद्यालय को बेहतर बनाने में शासन प्रशासन पूरी कार्य योजना बनाकर कार्य कर रही है लेकिन विद्यालय के विकास में सबसे भूमिका अभिभावकों की है। बीएसए ने विद्यालय का भौतिक परिवेश और शिक्षण कार्यो का जायजा लिया। कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से सवाल जबाब किया। बच्चों द्वारा बेबाकी से जबाब पाकर उन्होंने प्रधानाचार्य संयुक्ता सिंह व अन्य शिक्षकों की जमकर सराहना किया। संगोष्ठी में ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश यादव, एसएमसी अध्यक्ष श्रीप्रकाश राय, रीनू देवी, आशा देवी, शुभम पाल, सुषमा यादव, राजकुमारी देवी सहित भारी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। अंत मे प्रधानाध्यापिका संयुक्ता सिंह द्वारा सभी आगंतुकों का आभार ज्ञापन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जगुआर लैंड रोवर का करार

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने अपने डिजिटल बदलाव में तेजी लाने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ करार करने की मंगलवार को घोषणा की। जेएलआर में औद्योगिक परिचालन की कार्यकारी निदेशक बारबरा बर्गमीयर ने एक बयान में कहा, 'समझौते के तहत, टाटा टेक्नोलॉजीज कई विभागों से डेटा और जानकारी को एक ही स्रोत में लाकर जेएलआर के विनिर्माण, लाजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, वित्त और खरीद कार्यक्रम को बदलने के लिए एकीकृत 'उद्यम संसाधन योजना' (ईआरपी) मुहैया कराएगी।' पहले चरण में जेएलआर ब्रिटेन की बुनियादी उत्पादन सुविधाएं शामिल होंगी।

### एलआईसी के नए एमडी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने तबलेश पांडेय को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है। वर्तमान में तबलेश कंपनी में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत है। एलआईसी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में बताया कि उनकी नियुक्ति एक अप्रैल, 2023 से प्रभावी होगी। पांडेय, वर्तमान प्रबंध निदेशक बीसी पटनायक की जगह लेंगे। एलआईसी में मौजूदा समय में कुल चार प्रबंध निदेशक है। पांडे को एक अप्रैल, 2023 को या उसके बाद से पटनायक के स्थान पर प्रबंध निदेशक का पद दिया गया है।'

### एचपीसीएल-शेवरॉन में करार

नई दिल्ली। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अमेरिका की ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कारपोरेशन के लुब्रिकेंट उत्पादों के भारत में उत्पादन, वितरण एवं विपणन के लिए एक समझौता किया है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'शेवरॉन कॉरपोरेशन की अनुषंगी शेवरॉन ब्राड्स इंटरनेशनल एलएलसी (शेवरॉन) ने एचपीसीएल के साथ लंबी अवधि का ट्रेडमार्क लाइसेंस को लेकर समझौता किया है। इसके तहत एचपीसीएल शेवरॉन के कालटैक्स ब्रांड वाले लुब्रिकेंट उत्पादों का उत्पादन, वितरण एवं विपणन करेगी। इस करार के दायरे में हेवोलिन तथा डेलो ब्रांड के लुब्रिकेंट उत्पाद भी आएंगे।

### दिवगी की शुरुआत लाभ से

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा बनाने वाली कंपनी दिवगी टॉर्कट्रांसफर सिस्टम्स के शेयर की मंगलवार को शेयर बाजार में शुरुआत अपने निर्गम मूल्य 590 रुपए के मुकाबले 5 प्रतिशत की बढ़त के साथ हुई। एनएसई पर शेयर ने 620 रुपये के साथ कारोबार शुरू किया जो निर्गम मूल्य की तुलना में 5.08 प्रतिशत अधिक है। बीएसई पर इसकी शुरुआत निर्गम मूल्य के मुकाबले 1.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 600 रुपए पर हुई। हालांकि कारोबार के दौरान शेयर शुरुआती लाभ गंवाते हुए एनएसई में 3.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 570 प्रति शेयर पर और बीएई पर 3.32 प्रतिशत टूटकर 570.40 पर आ गया।

### रुपया 26 पैसे टूटा

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डालर के मुकाबले रुपया 26 पैसे की गिरावट के साथ 82.49 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। डालर के मजबूत होने, घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख और विदेशी पूंजी की सतत निकासी के कारण रुपये में यह गिरावट आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 82.27 पर कमजोर खुला। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव की तुलना में 26 पैसे की गिरावट के साथ 82.49 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ।(एजेंसियां)

# थोक महंगाई

## दो साल के निम्न स्तर पर

■ फरवरी में घटकर 3.85 फीसद पर

■ खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति में दर्ज की गई है बढ़ोतरी

नई दिल्ली (भाषा)।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी 2023 में घटकर दो साल से भी अधिक समय के निचले स्तर 3.85 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं, ईंधन और ऊर्जा के दामों में कमी के चलते हुई है। हालांकि इस दौरान खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़ी है। फरवरी 2023 लगातार नौंवा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति में गिरावट दर्ज की गई है। डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.73 प्रतिशत और पिछले साल फरवरी में 13.43 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फरवरी 2023 में मुद्रास्फीति की दर में कमी की मुख्य वजह कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के दामों में गिरावट, गैर-खाद्य वस्तुओं, खिनजों, कंप्यूटर, इलेक्ट्रानिक एवं ऑप्टिकल उत्पादों, रसायन एवं रासायनिक उत्पादों, इलोक्ट्रिकल उपकरण एवं मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी ट्रेलर के दामों में कमी आना है।'

फरवरी 2023 में डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी 2021 के बाद से सबसे कम है। उस समय यह 2.51 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने कहा कि पिछले वर्ष के अनुकूल तुलनात्मक आधार से मुद्रास्फीति में नरमी आई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिसों के दामों में नरमी से डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और भी घट सकती है। हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति का स्तर मौसमी परिस्थितियों और मानसून पर निर्भर करेगा। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति घटी है लेकिन खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 3.81 प्रतिशत हो गई जो जनवरी में 2.38 प्रतिशत थी। दाल के मामले में मुद्रास्फीति 2.59 प्रतिशत रही जबकि सब्जियां 21.53 प्रतिशत सस्ती हुईं। तिलहन की महंगाई दर फरवरी, 2023 में 7.38 प्रतिशत घटी।

ईंधन और बिजली क्षेत्र में महंगाई जनवरी के 15.15 प्रतिशत से कम होकर फरवरी, 2023 में 14.82 प्रतिशत रह गई। विनिर्मित उत्पादों में यह 1.94 प्रतिशत रही जबकि जनवरी में यह 2.99 प्रतिशत थी। इससे पहले खुदरा मुद्रास्फीति में भी कमी दर्ज की गई थी। खाने का सामान एवं ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में घटकर 6.44% रही।



■ विनिर्मित वस्तुएं, ईंधन, ऊर्जा सस्ती होने से घटी है मुद्रास्फीति
■ फरवरी में लगातार नौवें माह घटी है थोक महंगाई की दर
■ जनवरी 2023 में 4.73% थी थोक महंगाई की दर
■ फरवरी 2022 में थोक महंगाई की दर 13.43% पर थी

**कमी की वजह**

मुद्रास्फीति की दर में कमी की मुख्य वजह कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, गैर-खाद्य वस्तुओं, खनिजों, कंप्यूटर, इलेक्ट्रानिक, आप्टिकल उत्पाद, रसायन एवं रासायनिक उत्पादों, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी ट्रेलर के दामों में कमी आना है।'

## आईएमएफ का रुख नरम करने के लिए अमेरिका से मदद मांगेगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद (भाषा)।

नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का रवैया अपने प्रति नरम करने के लिए अमेरिका से मदद मांगने का फैसला किया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच कर्मचारी स्तर के समझौते पर अभी हस्ताक्षर नही हो पाए हैं।

पाकिस्तान को आईएमएफ से 1.1 अरब डालर की किस्त भी अभी नही मिली है। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक कर्मचारी स्तर के समझौते पर आगे बढ़ने के लिए आईएमएफ को मनाने में विफल रहे पाकिस्तान के पास वाशिंगटन तथा अन्य पश्चिमी सहयोगियों से मदद मांगने के अलावा और कोई रास्ता नही है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारी संकट में है। कुछ हफ्ते पहले उसका विदेशी मुद्रा भंडर 2.9 अरब डलर के बेहद निचले स्तर पर पहुंच गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक वित्त मंत्री इसहाक डार ने इस्लामाबाद में अमेरिकी राजनियकों से संपर्क स्थापित किया है और अमेरिका के वित्त विभाग के हस्तक्षेप के जरिए गतिरोध को दूर करने में मदद देने का अनुरोध किया है।

# अमेरिकी प्रशासन के कदमों से बढ़ेगा जमाकर्ताओं का भरोसा

■ सिलिकॉन वैली बैंक से जुड़ी स्टार्टअप कंपनियों को भी मिलेगी राहत

नई दिल्ली (भाषा)।

सिलिकन वैली बैंक (एसवीबी) के जमाकर्ताओं के धन की सुरक्षा के लिए अमेरिकी प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एसवीबी का समाधान आश्वस्त करने वाला है और इससे स्टार्टअप को राहत मिलेगी।




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने घोषणा की थी कि विफल सिलिकन वैली बैंक के जमाकर्ता सोमवार से अपनी धनराशि निकाल सकेंगे। इस पृष्ठभूमि में वैष्णव ने कहा, 'एसवीबी का समाधान आश्वस्त करने वाला है। इससे स्टार्टअप को राहत मिलेगी।' अमेरिका के बड़े बैंक एसवीबी के दिवालिया होने के बीच देश की बैंकिग प्रणाली में जनता का भरोसा मजबूत बनाए रखने और अमेरिका की अर्थव्यवस्था की रक्षा करने के उद्देश्य से बाइडन प्रशासन ने घोषणा की है कि इस बैंक के जमाकर्ता सोमवार से अपने धन का उपयोग कर सकेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि फेडरल डिपाजिट इंश्योरेंस कारपोरेशन (एफडीआईसी) और केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की अनुशंसा मिलने तथा राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हुए विचार-विमर्श के बाद वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने रविवार को बैंक का समाधान पूरा करने, साथ ही जमाकर्ताओं के हितों की पूरी तरह से रक्षा करने के लिए एफडीआईसी को कदम उठाने की मंजूरी दे दी है। अमेरिका के 16वें सबसे बड़े बैंक कैलिफोर्निया स्थित सिलिकॉन वैली बैंक को कैलिफोर्निया के वित्तीय सुरक्षा एवं नवोन्मेष विभाग ने शुक्रवार को बंद कर दिया था। उसने एफडीआईसी को बैंक का समाधानकर्ता नियुक्त किया है।

बैंक तब संकट में फंस गया जब वेंचर कैपिटल कंपनियों और उनके द्वारा समर्थित कंपनियों समेत उसके ग्राहकों ने अपनी जमा राशि निकालनी शुरू कर दी।

# गोल्ड ईटीएफ में आया 165 करोड़ का निवेश


■ फरवरी में ज्यादातर देशों के बाजारों में गिरावट ■ लेकिन भारत के प्रति निवेशकों ने जताया भरोसा

नई दिल्ली (भाषा)।

गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (गोल्ड ईटीएफ) से बीते तीन महीनों में हुई निकासी के बाद फरवरी में निवेशकों ने इसमें शुद्ध रूप से 165 करोड़ रुपए डाले है। इसकी मुख्य वजह कीमती धातु के दामों में आई मामूली गिरावट है।

भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, निवेशकों ने गोल्ड ईटीएफ से जनवरी में 199 करोड़ रुपए की निकासी की थी। दिसम्बर, 2022 में 273 करोड़ रुपए और नवम्बर में 195 करोड़ रुपए की निकासी की गई थी। उससे पहले गोल्ड ईटीएफ में अक्टूबर में 147 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

मॉर्निंगस्टार की वरिष्ठ विश्लेषक कविता कृष्णन ने कहा, 'फरवरी में ज्यादातर देशों के बाजारों में निकासी का रुख देखने को मिला लेकिन भारत में गोल्ड ईटीएफ में निवेश हुआ है। इसकी मुख्य वजह सोने के दामों में मामूली सुधार होना है। जब भी दामों में गिरावट आती है तो ईटीएफ की मांग बढ़ जाती है।" उन्होंने कहा कि भारत में सोने की भौतिक मांग मोटे तौर पर त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम पर निर्भर करती है। इसके अलावा समीक्षाधीन अवधि में इस श्रेणी में पोर्टफोलियो भी बढ़कर 46.94 लाख हो गए है। निवेश के बावजूद गोल्ड ईटीएफ के प्रबंधन के तहत शुद्ध परिसंपत्तियां (एयूएम) जनवरी अंत के 21,836 करोड़ रुपए से घटकर फरवरी अंत में 21,400 करोड़ रुपये रह गईं। वर्ष 2022 में गोल्ड ईटीएफ में कुल 459 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 2021 के 4,814 करोड़ रुपये से 90 फीसदी कम है।



■ जनवरी में किया था 199 करोड़ रुपए का निवेश
■ दिसम्बर 2022 में हुआ था 273 करोड़ का निवेश

# शेयरों में चौथे दिन भी गिरावट जारी

■ सेंसेक्स 338 अंक लुढ़क कर पांच माह के निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स करीब 338 अंक टूटकर 58,000 के नीचे बंद हुआ। अमेरिका में दो बैंकों के विफल होने के बाद वाहन, आईटी और वित्तीय शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 337.66 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ पांच महीने के निचले स्तर 57,900.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, ऊंचे में 58,490.98 और नीचे में 57,721.16 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 111 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ पांच महीने के निचले स्तर 17,043.30 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने, निवेशकों के जोखिम वाली संपत्तियों से दूर होने तथा डालर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट से बाजार धारणा प्रभावित हुई।

सेंसेक्स शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा को सर्वाधिक करीब तीन प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा टीसीएस, बजाज फाइनेंस, विप्रो, कोटक बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और टाटा मोटर्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टाइटन, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और एल एंड टी लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल है। इनमें 0.93 प्रतिशत की तेजी रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'बाजार पर वैश्विक गतिविधियों का असर है। हमें बुधवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों का असर देखने को मिलेगा। बाजार में हाल की गिरावट के बाद कुछ राहत की उम्मीद है।'

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी नियामकों ने 12 मार्च को सिग्नेचर बैंक को बंद करने का निर्णय किया। इससे ठीक दो दिन पहले सिलिकॉन वैली बैंक को बंद करने का फैसला किया गया था।

## बिजली क्षेत्र की कोयले की मांग पूरी करने को कोल इंडिया तैयार

नई दिल्ली (भाषा)। गर्मी जल्दी आने और औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की मांग में उछाल के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि वह बिजली क्षेत्र की कोयला मांग को पूरा करने के लिए तैयार है।

कोयला उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में ऊर्जा क्षेत्र को 15.6 करोड़ टन कोयला आपूर्ति करने की उम्मीद जताई है। यह 2023-24 में क्षेत्र के लिए संशोधित वार्षिक आपूर्ति लक्ष्य 61 करोड़ टन का 25.6 प्रतिशत होगा।

कोल इंडिया ने कहा, 'कोयले की मांग बढ़ने के बीच कंपनी को अगले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 15.6 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की उम्मीद है।'

# विश्व आर्थिक मंच की युवा नेताओं की सूची में छह भारतीय



आदित्य ठाकरे



मधुकेश्वर देसाई



सुदर्शन वेणु



आकृत वैश

नई दिल्ली (भाषा)। विश्व आर्थिक मंच की 2023 के लिए वैश्विक युवा नेताओं की सूची में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता आदित्य ठाकरे और भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मधुकेश्वर देसाई समेत भारत से छह लोग शामिल हैं। इस सूची में शामिल अन्य भारतीय है टीवीएस मोटर के प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु, जियो हैप्टिक टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आकृत वैश, बायोजीन के सीईओ बी. जोसफ और पालिसी 4.0 रिसर्च फाउंडेशन की सीईओ तन्वी रत्ना। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने इस वर्ष के लिए 40 वर्ष से कम उम्र के युवा वैश्विक नेताओं की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि ये लोग संवाद करने में सक्षम कृत्रिम मेधा से लेकर वित्तीय समावेश समेत विभिन्न गतिविधियों में शामिल है और उस समूह में आते है जिसके सदस्य आगे जाकर नोबेल पुरस्कार विजेता, राष्ट्र प्रमुख, फॉर्च्यून 500 कंपनियों के सीईओ और ग्रेमी पुरस्कार विजेता भी बने।

उसने आगे कहा, 'इस वर्ष की सूची में 100 युवा शामिल है जो राजनीतिक, नवोन्मेषी उद्यम, बड़े परिवर्तन लाने वाले अनुसंधानों से जुड़े है, जो भविष्य की सोच रखने वाले कार्यकर्ता है और अपने समुदायों, देश और दुनिया में सकारात्मक एवं दीर्घकालिक बदलाव को गति दे रहे है।' युवा वैश्विक नेताओं की सूची 2004 से बनाई जा रही है। इसमें 1,400 सदस्य है, जो 120 देशों से है। इस सूची में शिनिजनी कुंडु (फिजिशियन-साइंटिस्ट, जान हॉपकिंस हॉस्पिटल, यूएसए), फागुन ठक्कर (संस्थापक, द पर्पस मूवी स्टुडियो, यूएसए), अली अखाई (चेयरमैन, मार्टिन डो लिमिटेड, पाकिस्तान), स्मृति किरु बानंदन (एंगेजमेंट डायरेक्टर, टीसीएस, यूएसए), वरुण शिवराम (समूह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रणनीति एवं नवोन्मेष, ऑरस्टेड सर्विसेस, यूएसए) और रूपा धत्त (कार्यकारी निदेशक, विमन इन ग्लोबल हैल्थ, यूएसए) भी शामिल है।

# न्यूनतम पेंशन ₹7500 करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन आज

नई दिल्ली (भाषा)।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ईपीएस-95 योजना के दायरे में आने वाले पेंशनभोगियों की न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपए मासिक किए जाने समेत अन्य मांगों को लेकर पेंशनभोगी बुधवार से राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के 200 शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।

ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) ने मंगलवार को एक बयान में कहा, 'ईपीएस-1995 के लाभार्थियों ने अपनी मांगों के साथ 15 मार्च से राष्ट्रीय राजधानी समेत 200 शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू करने का फैसला किया है। इन मांगों में पेंशन बढ़ाकर 7,500 रुपए मासिक करने के साथ-साथ महंगाई भत्ता देने, ईपीएस-95 पेंशनभोगियों को बिना किसी भेदभाव के उच्च पेंशन का विकल्प देने तथा उनके जीवनसाथी को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना शामिल है।




पूर्व में कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के दायरे में आने वाले पेंशनभोगियों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात कर चुका है और महाराष्ट्र के बुलढाणा में 2018 से विरोध प्रदर्शन जारी है। राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) के संयोजक अशोक राऊत ने बयान में कहा, 'हमारा संघर्ष ईपीएस-1995 के लाभार्थियों को न्याय दिलाने के लिए है और यह पिछले सात साल से जारी है।

भाजपा सांसद हेमा मालिनी की अगुवाई में हमने दो बार प्रधानमंत्री से मुलाकात की और उन्होंने हमें आश्वासन दिया लेकिन मामला अभी भी लंबित है।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के लाभ के लिए कई योजनाएं चला रही है लेकिन सरकार के नियमों के आधीन पेंशन फंड में अंशदान करने बाद भी हमें हाशिये पर धकेल दिया गया है।

# वैश्विक दर्जा पाना चाहता है इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक



नई दिल्ली (भाषा)। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जे वेंकटरामू ने मंगलवार को कहा कि आईपीपीबी खुद को एक वैश्विक बैंक में बदलना चाहता है क्योंकि डाकघर शाखाओं का विशाल नेटवर्क वित्तीय समावेश हासिल करने में मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि आईपीपीबी जब 2018 में शुरू हुआ था तब 80 प्रतिशत लेनदेन नकद में होता था। हालांकि, लोगों द्वारा प्रौद्योगिकी अपनाने के बाद अब 80 प्रतिशत लेनदेन डिजिटल जबकि सिर्फ 20 प्रतिशत लेनदेन नकद में होता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में वेंकटरामू ने कहा, 'यदि हमें एक संपूर्ण बैंकिंग लाइसेंस मिलता है, विशेष रूप से वित्तीय समावेशन के लिए तो हमें बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिलेगी।' वह बैंक के सार्वभौमिक बैंक लाइसेंस के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से संपर्क करने से संबंधित एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

## एली लिली ने सोरायसिस की दवा पेश की

नई दिल्ली (भाषा)।

दवा कंपनी एली लिली ने प्लाक सोरायसिस की बीमारी के इलाज के लिए औषधि पेश की। इसके साथ कंपनी ने त्वचा संबंधी बीमारी की दवा के क्षेत्र में कदम रखा है।

कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि औषधि महानियंत्रक से अनुमति के बाद उसने कोपेलर को बाजार में पेश किया है। दवाई को खास तौर पर उस प्रोटीन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जो सोरायसिस में सूजन बढ़ाने और बनाए रखने में भूमिका निभाता है। कंपनी के भारत एवं भारतीय उपमहाद्वीप के एमडी विनीत गुप्ता ने कहा, 'त्वचा संबंधी बीमारी के उपचार के लिए दवा लाने के साथ कंपनी को अनूठी दवाएं लाने का वादा पूरा करने में मदद मिलेगी।'

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में किया बंपर निवेश

■ मार्च में अब तक लगाए 13500 करोड़ रुपए ■ इस निवेश में अमेरिका की जीक्यूजी का बड़ा हिस्सा

■ जीक्यूजी ने अडाणी समूह में किया निवेश ■ एसवीबी की बंदी का रहा बाजार पर असर ■ दिसम्बर में किए थे 11000 करोड़ निवेश

नई दिल्ली (भाषा)।

विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजार में 13,500 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। इसमें बड़ी हिस्सेदारी अमेरिका की कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स की है जिसने अडाणी समूह की कंपनियों में भारी निवेश किया है।

डिपाजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले तक विदेशी पार्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजारों से निकासी कर रहे थे। फरवरी में उन्होंने 5,294 करोड़ रुपए की और जनवरी में 28,852 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी। इससे पहले, दिसम्बर में एफपीआई ने शेयरों में 11,119 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के दिवालिया होने का असर बाजार में धारणाओं पर पड़ा है, ऐसे में आगे जाकर एफपीआई सतर्क रुख अपना सकते है।

आंकड़ों के मुताबिक दस मार्च तक एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 13,536 करोड़ रुपए का निवेश किया है। विजयकुमार ने कहा, 'इस निवेश में जीक्यूजी द्वारा अडाणी समूह की कंपनियों में किया गया 15,446 करोड़ रुपए का बड़ा निवेश शामिल है।' मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इस निवेश की वजह दीर्घकालिक समय में भारतीय शेयर बाजारों की बेहतर संभावनाएं है।

कैलेंडर वर्ष 2023 में एफपीआई ने 20,606 करोड़ रुपए के शेयर बेचे है। वही दूसरी ओर, समीक्षाधीन अवधि में ऋण बाजार से 2,987 करोड़ रुपए निकाले है। विजयकुमार ने कहा कि क्षेत्रों में निवेश के लिहाज से भी एफपीआई की गतिविधियों में एकरूपता नही है। मसलन, फरवरी के पहले 15 दिन उन्होंने वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों में निवेश किया वही बाद के दो हफ्तों में वे बिकवाल रहे। इसी तरह पहले पखवाड़े उन्होंने आईटी शेयरों की खरीद की लेकिन बाद के 15 दिनों में उन्होंने इनसे निकासी की।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार्दिक की कप्तानी की होगी परीक्षा

## रोहित की अनुपस्थिति में पहले वनडे में संभालेंगे भारत की कमान

**नई दिल्ली ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के बाद अब 17 मार्च से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। पहला वनडे मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले वनडे में रोहित शर्मा पारिवारिक कारणों के चलते गैर मौजूद रहेंगे, ऐसे में हार्दिक पांड्या भारत की वनडे टीम की कप्तानी करेंगे।




वैसे, अब तक हार्दिक पांड्या का टी20 अंतरराष्ट्रीय में कप्तानी का रिकॉर्ड लाजवाब रहा है। हार्दिक पांड्या ने आईपीएल 2022 में गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए पहली बार में ही खिताब दिलयाया। इसके बाद जून 2022 में उन्हें आयरलैंड दौरे पर भारत की टी20 टीम की कप्तानी करने का मौका मिला। तब से लेकर अब तक हार्दिक ने 11 मैचों में भारत की कप्तानी की है और इनमें 8 में टीम इंडिया को जीत मिली है। लेकिन अब वह पहली बार वनडे टीम की कमान संभालेंगे ऐसे में उनके लिए यह चुनौती आसान नहीं होगी। हार्दिक ने अब तक टी20 क्रिकेट में जितनी भी टीमों के सामने कप्तानी की है, वह ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले कमजोर ही रही हैं। ऑस्ट्रेलिया की वनडे स्क्वॉड में एक से बढ़कर एक दिग्गज प्लेयर हैं, जिनका सामना आसान नहीं होगा। बल्लेबाजी में जहां हार्दिक को डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, मैक्सवेल और स्टोयनिस जैसे खिलाड़ियों को रोकने के लिए खास रणनीति तैयार करनी होगी। वहीं, गेंदबाजी में मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ियों का सामना भी करना होगा। हार्दिक के सामने एक चतुर कप्तान भी होंगे, जिन्हें वनडे क्रिकेट में कप्तानी का अच्छा खासा अनुभव है। स्टीव स्मिथ ने 51 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभाल चुके हैं। हार्दिक पांड्या के सामने चुनौती इसलिए बड़ी होगी, क्योंकि पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम उनके लिए बिल्कुल नई होगी। हार्दिक पांड्या टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं थे, लेकिन अब वनडे से वापसी कर रहे हैं। इतना ही नहीं हार्दिक पांड्या के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी है, जो काम रोहित शर्मा ने इस साल वनडे में करके दिखाया है, उसे उन्हें बरकरार रखना होगा। आपको बताते हैं कि क्या। दरअसल भारतीय टीम ने अभी तक इस साल छह वनडे मैच खेले हैं। इन सभी में टीम इंडिया की कप्तानी रोहित शर्मा ने की है और भारतीय टीम इसमें से एक भी मैच हारी नहीं है। टीम इंडिया ने पहले श्रीलंका को तीन वनडे मैचों में इस साल की शुरुआत में हराया और उसके बाद न्यूजीलैंड को भी तीन वनडे मैचों की सीरीज में चारोखाने चित्त किया। हार्दिक पांड्या इसे पहले भारतीय टीम के लिए टी20 में कप्तानी कर चुके हैं और आईपीएल में अपनी टीम गुजरात टाइटंस को तो खिताब भी जिता चुके हैं, लेकिन टीम इंडिया के लिए वे वनडे में पहली बार कप्तानी करते हुए दिखाई देंगे। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई टीम का सामना उनके लिए आसान नहीं होगा।

### विश्व कप 2023 के बाद पूर्णकालिक कप्तान बन सकते हैं हार्दिक : गावस्कर

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर टी20 क्रिकेट में हार्दिक की कप्तानी से बेहद प्रभावित हुए हैं और उनका मानना है कि वनडे विश्वकप 2023 के बाद पांड्या भारतीय टीम के पूर्णकालिक कप्तान बन सकते हैं। गावस्कर ने कहा, 'हार्दिक पांड्या एक कप्तान के रूप में बाकी टीम को सहज महसूस करवाते हैं। वह जिस तरह से खिलाड़ियों को संभालते हैं, उनके कंधे पर हाथ रखते हैं। वह खिलाड़ियों को आराम की भावना देते हैं। मुझे लगता है कि वह उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, जो एक अद्भुत संकेत है। वह एक प्रभावशाली खिलाड़ी होने के साथ-साथ मध्य क्रम में गेम चेंजर भी साबित हो सकते हैं। गुजरात (टाइटन्स) टीम के लिये भी वह जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आते थे। मेरा मानना है कि अगर वह मुंबई में पहला मैच जीत जाता है, तो 2023 में विश्व कप खत्म होने के बाद आप उस पर लगभग भारतीय कप्तान की मुहर लगा सकते हैं। इसी बीच, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत आगरकर का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अन्य दो मैचो मे रोहित शर्मा टीम के साथ जुड़ने के बाद बल्ले से अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखेंगे।

### वनडे सीरीज का शेड्यूल

- **पहला वनडेः 17 मार्च (शुक्रवार)- मुंबई**
- **दूसरा वनडेः 19 मार्च (रविवार)-विशाखापट्टनम**
- **तीसरा वनडेः 22 मार्च (बुधवार)- चेन्नई**

### इस साल अब तक खेले गए सभी वनडे मैच जीती भारतीय टीम

भारत ने इस साल श्रीलंका के खिलाफ अपने वनडे प्रारूप में अपने सीजन के शुरुआत की। भारतीय टीम ने रोहित शर्मा की कप्तानी में इस साल अभी तक इस साल छह वनडे मैच खेले हैं। भारतीय टीम इसमें से एक भी मैच हारी नहीं है। गुवाहाटी में खेले गए पहले मैच में श्रीलंका को 67 रन, दूसरा मैच चार विकेट और तीसरा मैच 317 रन से जीतकर श्रीलंका का सूपड़ा साफ कर दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में भारत ने 12 रन से जीता था, दूसरा मैच आठ विकेट से और तीसरा मैच 90 रन से अपने जीतकर सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। अब इस साल का सातवां मैच खेलने के लिए टीम इंडिया हार्दिक पांड्या की कप्तानी में उतरेगी। देखना होगा कि जिस तरह से वे टी20 में कप्तानी करते हैं, उसी तरह का अंदाज वनडे में क्या देखने के लिए मिलेगा।

### वनडे सीरीज में भी स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस के भारत न आ सकने के कारण स्टीव स्मिथ 17 मार्च से शुरू होने वाली वनडे सीरीज में कंगारू टीम की कमान संभालेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। कोच एंड्र्यू मैकडॉनल्ड ने बताया कि पिछले हफ्ते मां मारिया के निधन के बाद कमिंस एकदिवसीय सीरीज के लिए भी भारत नहीं लौटेंगे। मैकडॉनल्ड ने कहा, पैट वापस नहीं आएंगे। वह अभी भी घर पर सबका ध्यान रख रहे हैं। हमारी संवेदनाएं पैट और उसके परिवार के साथ हैं। मुंबई में शुक्रवार से शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज के लिये ऑस्ट्रेलिया ने कमिंस की जगह किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया है। नेथन एलिस को पहले ही चोटग्रस्त झे रिचर्डसन के स्थान पर 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया जा चुका है। गौरतलब है कि इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच नवंबर में खेली गयी वनडे सीरीज के एक मैच में जॉश हेजलवुड ने भी टीम की अगुवाई की थी, हालांकि उनके चोटग्रस्त होने के कारण वह भारत में नहीं खेल सकेंगे। स्मिथ इससे पहले 51 एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर चुके हैं। अनुपस्थित तेज गेंदबाजो के अलावा ऑस्ट्रेलिया ने अक्टूबर-नवंबर के दौरान भारत में होने वाले विश्व कप के लिए योजनाओं को पुख्ता करते हुए अपनी सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम का चयन किया है। मैक्सवेल अपने पैर के फ्रैक्चर से उभरकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। दिल्ली टेस्ट के दौरान चोटग्रस्त हुए डेविड वॉर्नर भी फिट होकर वनडे टीम में शामिल हो गए हैं।

# प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई करने वाली पहली टीम बनी मुंबई इंडियंस

## डब्ल्यूपीएलः गुजरात को 55 रन से हराकर दर्ज की लगातार पांचवी जीत

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में गुजरात जायंट्स को 55 रन से हराकर प्लेऑफ में क्वॉलीफाई करने वाली पहली टीम बनीं। मुंबई की टीम अपने सभी पांचों मैच जीतकर अंकतालिका में शीर्ष पर है। वहीं, गुजरात की टीम चौथे स्थान पर है।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 162 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम नौ विकेट 107 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रहीं और सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकली खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गई। इसके बाद एस मेघना (16 रन), हरलीन देओल (22 रन), सदरलैंड (शून्य) और एश्ले गार्डनर (आठ) रन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहीं। 48 रन पर पांचवें विकेट गिरने के बाद गुजरात की जिम्मेदारी कप्तान स्नेह राणा पर थी। लेकिन वह भी दबाव में नजर आई और 20 रन बनाकर आउट हो गई। इसके बाद गुजरात नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकीं। मुंबई के लिए नैतली सिवर ब्रंट ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट व हेली मैथ्यूज ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं अमीलिया कर ने दो व इसी वॉन्ग ने एक विकेट लिया।




### मुंबई के लिए हरमनप्रीत ने जड़ा अर्धशतक

जायंट्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और एशले गार्डनर ने पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज को शून्य रन पर आउट कर दिया। इसके बाद बाद मुंबई पावरप्ले में सिर्फ 40 रन ही जोड़ सका। यास्तिका (44 रन) और सिवर-ब्रंट (36 रन) ने मुंबई की पारी को संबल दिया और दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। रनगति बढ़ाने के प्रयास में यास्तिका भी सात गेंद बाद रनआउट हो गयीं। इस जोड़ी के पवेलियन लौटने के बाद हरमनप्रीत ने मुंबई की पारी को संभाला। उन्होंने अमेलिया कर (13 गेंद, 19 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की। कर के आउट होने के बाद मुंबई के विकेटों की झड़ी लग गयी लेकिन हरमनप्रीत ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी। हरमनप्रीत भी आखिरी ओवर में अर्धशतक पूरा करते हुए 30 गेंद में 51 रन की पारी खेली। मुंबई ने अंतिम पांच ओवर में पांच विकेट गंवाते हुए 50 रन जोड़े। गुजरात की सराहनीय गेंदबाजी में गार्डनर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा गार्थ, स्नेह राणा और तनुजा कंवर को एक-एक सफलता हासिल हुई। हरमनप्रीत को अर्धशतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# लक्ष्य व प्रणय की विजयी शुरुआत

**बर्मिंघम।** भारत के लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय ने मंगलवार को विजयी शुरुआत करते हुए ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। प्रणय ने ने चीनी तापेई के जु वेई वांग 49 मिनट के करीबी मुकाबले में 21-19, 22-20 से जीत हासिल की। विश्व रैंकिंग में नंबर नौ प्रणय अब वेई वांग के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीत चुके हैं। प्री-क्वॉर्टरफाइनल में प्रणय का सामना इंडोनेशिया के तीसरी सीड एंथनी गिनटिंग से होगा। सेन ने पहले दौर के करीबी मुकाबले में चीनी ताइपे के पांचवें वरीय चाउ टिएन चेन को 48 मिनट में 21-18, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। लक्ष्य अगले दौर में एंडर्स एंटोनसन और रासमुस गेम्के के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता के खिलाफ खेलेंगे। पहले गेम में प्रणय ने 11-4 की बढ़त लेकर मजबूत शुरुआत की। इसके बाद हालांकि उन्होंने कुछ खराब शॉट खेलकर वेई वांग को मैच में वापस आने का मौका दिया। प्रणय ने सूझबूझ के साथ खेलकर 18-12 की बढ़त बना ली, मगर वेई वांग ने एक बार फिर तेज शॉट खेलते हुए 19-19 की बराबरी कर ली। प्रणय ने इस स्थिति में दो दमदार स्मैश मारकर गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में वेई वांग और प्रणय के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। प्रणय ब्रेक तक 11-0 से आगे रहे लेकिन ब्रेक के फौरन बाद वेई वांग ने 15-14 की बढ़त बना ली। इस गलाकाट प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी एक बार फिर 19-19 की बराबरी पर आये।



# सिंगापुर स्मैश में भारतीय चुनौती समाप्त

## महिला और मिश्रित युगल में हारीं मनिका

**कलांग।** भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की महिला युगल और मिश्रित युगल मैचों में हार के साथ सिंगापुर स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।



मनिका और उनके जोड़ीदार सत्यन गणशेकरन को मिश्रित युगल क्वॉर्टरफाइनल में जापान के विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता तोमोकाजू हरिमोतो और हिना हयाता से 2-3 (9-11 9-11 11-8 11-5 7-11) से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले मणिका और अर्चना कामत को चीनी जोड़ी चेन मेंग और वांग यिदि से राउंड 16 में 2-3 (2-11 6-11 15-13 12-10 6-11) से हार का सामना करना पड़ा। इससके पबले एकल में मणिका, सत्यन और शरत कमल पहले दौर में हार गए थे जबकि पुरुष युगल में हरमीत देसाई और मानव ठक्कर राउंड 32 में बाहर हो गए।

### फेथ बनी सैयद शकील मोहम्मद ट्रॉफी विजेता

**भोपाल।** बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम पर खेली जा रही सैयद शकील मोहम्मद टी20 ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में फेथ ने सेंट माइकल को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फेथ ने ऋतिक टाडा के बेहतरीन 85 और युवराज के 55 रनों की मदद से 194 रनों का लक्ष्य रखा, जवाबी पारी खेलते हुए सेंट माइकल प्रणव 68 एवं रितेश 62 के सहारे 193 रन बना पाई। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण बीडीसीए के उपाध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर, जुनैद किदवई, साजिद नूर, सीनियर क्रिकेटर रफी उल्लाह, उमर अलीम और सेंट माइकल की ऑनर हिबा शकील मोहम्मद, सैय्यद अवान शकील, अयान शकील द्वारा किया गया। इस मौके पर बेस्ट बैटर प्रणव राय, बेस्ट बॉलर सलमान उद्दीन, बेस्ट विकेट कीपर प्रणव राय , बेस्ट फील्डर निर्मल मेवाडा, डिसिप्लेन टीम पठान क्रिकेट एकेडमी, अपकमिंग प्लेयर आरव मसीह और मुसब जावेद, स्पेशल प्राइज अरहम अकील, मैन ऑफद मैच ऋतिक टाडा, मैन ऑफद टूर्नामेंट . पृथ्वी सिंह तोमर रहे।



### रोमांचक मैच में भोपाल टाईगर ने अस्तित्व एनर्जी को हराया

**भोपाल।** स्व. हुकुम सिंह ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल टाईगर और अस्तित्व एनर्जी के मध्य मैच खेला गया जिसमें भोपाल टाईगर ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 133 रन बनाए। शिवम ने 43 रन बनाए। भोपाल टाईगर की तरफसे राज सोनकर ने चार विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी भोपाल टाईगर की टीम ने अंतिम ओवर की चौथी गेंद पर 2 विकेट से जीत हासिल की। भोपाल टाईगर की तरफसे अभिषेक ने नाबाद 71 रन की पारी खेली जबकि अंकित ने 28 रनों की पारी खेली। शशांक गुप्ता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। अभिषेक सिंह को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार सैयद साजिद अली चेयरमैन भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ने दिया।

### खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन 19 मार्च को

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया दस का दम आयोजित किये जा रहे है। इस श्रृंखला में मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रथम एथलेटिक्स राज्य स्तरीय खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन 19 मार्च को टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में किया जा रहा है। यह जानकारी मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अर्जुनन मुरलीधर ने दिया।

### मध्य प्रदेश ने पंजाब को हराया

**भोपाल।** मेजर ध्यानंचद स्टेडियम में खेली जा रही 34वीं अखिल भारतीय डाक हॉकी प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम ने पंजाब को हरा दिया। मध्य प्रदेश की टीम ने पंजाब के खिलाफ अच्छे मूव बनाए, इसके चलते मध्यांतर के पहले नौंवे मिनट में फैसल अली ने, 10वें मिनट में असद कमाल ने तथा 22वें मिनिट में शाहनवाज ने एक-एक मैदानी गोल किए। मैच के 23वें मिनिट में पंजाब के अमरप्रीत ने गोल किया। मध्यांतर के बाद मध्य प्रदेश की टीम ने दो और गोल किए। इस तरह मध्य प्रदेश की टीम ने पंजाब को 5-2 से हरा दिया। वहीं एक अन्य मुकाबले में कर्नाटक ने उत्तर प्रदेश को हरा दिया। दो पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील नहीं करने के बावजूद कर्नाटक मैच में हावी रही। कनार्टक की टीम ने 8वें, 12वें और 24वें मिनिट में तीन मैदानी गोल किए। कर्नाटक ने उत्तर प्रदेश को 10-2 के बड़े अंतर से हराया।

### सुपर ओवर में एलएनसीटी को हराकर जेएलयू फाइनल में

**भोपाल।** खेल संस्कार ग्रुप द्वारा आयोजित आईसीपीएल रेड बुल कप टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में जागरण लेकसिटी ने सुपर ओवर में एलएनसीटी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जागरूण लेक सिटी 14 ओवर में 77 रन बनाए। एलएनसीटी की पूरी टीम 19.3 ओवर में 77 रन ही बना सकी। दोनों ही टीम का स्कोर बराबर होने के वजह से मुकाबला सुपर ओवर में गया। जिसमें एलएनसीटी ने एक ओवर में 9 रन बनाए। वहीं जागरण लेकसिटी की टीम ने भी 9 रन बनाए और सुपर ओवर में भी यह मुकाबला टाई हो गया। इसके बाद फिर से सुपर ओवर खेला गया जिसमें जागरण लेकसिटी ने एक ओवर में 9 रन बनाए। एलएनसीटी की टीम 5 रन ही बना सकी। इस प्रकार जागरण लेकसिटी ने यह मुकाबला सुपर ओवर में जीत लिया।


## एलएलसी मास्टर्स : एशिया लॉयंस ने वर्ल्ड जायंट्स को 35 रन से हराया

**दोहा।** मिस्बाह उल हक, शाहिद आफरीदी और अब्दुर रज्जाक के शानदार प्रदर्शन के मदद से एशिया लॉयंस ने वर्ल्ड जायंट्स को एलएलसी मास्टर्स के वर्षा बाधित मुकाबले में 35 रन से हरा दिया। मिस्बाह ने मात्र 19 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 44 रन बनाये जबकि तिलकरत्ने दिलशान ने 24 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 32 रन बनाए। एशिया लॉयंस ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 99 रन का स्कोर बनाया। इसके जवाब में वर्ल्ड जायंट्स 10 ओवर में पांच विकेट पर 64 रन का स्कोर ही बना सकी। क्रिस गेल ने 16 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। एशिया लॉयंस के कप्तान आफरीदी ने पांचवें ओवर में गेल और लेंडल सिमंस को आउट कर टीम को सोमवार रात को जीत के रास्ते पर डाल दिया। बांग्लादेश के लेफ्ट आर्म स्पिनर अब्दुर रज्जाक ने आठवें ओवर में शेन वाटसन और रिकाडरे पॉवेल को आउट कर एशिया लॉयंस की जीत का मार्ग प्रशस्त किया।

# अलकाराज ने दर्ज की 100वीं जीत

## इंडियन वेल्स के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई

**इंडियन वेल्स ।** विश्व के नंबर दो खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अलकाराज ने इंडियन वेल्स मास्टर्स के तीसरे दौर में हॉलैंड के टेलन ग्रीक्सपुर को 7-6(4), 6-3 से हराकर अपनी 100वीं टूर स्तर की जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वह इंडिय वेल्स के प्री-क्वॉर्टर फाइनल मे पहुंच गए हैं। 100-32 के टूर रिकॉर्ड के साथ 19 वर्षीय अलकाराज 100 जीत हासिल करने में सबसे कम मैचों में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। केवल अमेरिका के जान मैकनरो (100-31) इस मामले में अलकाराज से तेज हैं। अलकाराज इस सूची में आंद्रे अगासी (100-35), राफेल नडाल (100-37) और मैट्स विलेंडर/ जिमी कोनर्स (दोनों 100-38) से आगे हैं।



### इगा ने भी अंतिम-16 में किया प्रवेश

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पौलेंड की ईगा स्वीयातेक ने बियांका आंद्रेसेस्कू को कड़े संघर्ष में 6-3, 7-6 (1) से हराकर महिला वर्ग के अंतिम-16 में प्रवेश किया। आंद्रेसेस्कू मैच में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद टाई ब्रेक में स्वीयाटेक को नहीं रोक सकीं और आठ में से सात अंक हार गयीं। स्वीयतेक इस समय एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस वर्ष कोई तीन सेट का मैच नहीं खेला है। वह लगातार 14 मैच लगातार सेटों में जीत चुकी हैं। वर्ष 2022 की शुरूआत से स्वीयातेक ने लगातार सेटों में सबसे ज्यादा मैच (25) जीते हैं जो दूसरे स्थान की जेसिका पेगुला से आठ ज्यादा हैं। स्वीयातेक का आंद्रेसेस्कू के खिलाफ 2-0 का रिकॉर्ड हो गया है। वह 1991 में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद इंडियन वेल्स में खिताब बचाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं।

# बांग्लादेश ने रचा इतिहास, इंग्लैंड को किया क्लीन स्वीप

## वर्ल्ड चैंपियन के खिलाफ पहली बार 3-0 से जीती टी-20 सीरीज

**मीरपुर।** मैन ऑफ द मैच लिटन दास के अर्धशतक और गेंदबाजों के शानदर प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने इंग्लैंड को तीसरे टी20 मैच में 16 रनों से हराया। इस जीत के साथ बांग्लादेश ने इतिहास रचते हुए टी-20 वर्ल्ड चैपियन इंग्लैंड को तीन मैचों की टी-20 सीरीज में पहली बार 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने दो विकेट पर 158 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 20 ओवर में छह विकेट पर 142 रन ही बना सका। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लबाजी करने उतरी बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज लिटन दास ने 57 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली। वहीं नजमुल हौसेन शंतो ने 36 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए। इसके अलावा रॉनी तालुकदार ने 24 का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद और क्रिस जॉर्डन को 1-1 कामयाबी मिली। 159 रनों का लक्ष्य का बचाव करते हुए बांग्लादेश ने इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट को शून्य पर आउट कर दिया। इसके बाद डेविड मलान (53) और कप्तान जोस बटलर (40) के बीच दूसरे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी के दौरान जीत की स्थिति में दिख रहा था लेकिन इन दोनों के 14वें ओवर में लगातार दो विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड दबाव में आ गया। इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई और आखिर में वह छह विकेट पर 142 रन ही बना पाया। बेन डकेत (11 रन), मोईन अली (9 रन) और सैम करन (चार रन) बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। बांग्लादेश के लिए तस्कीन अहमद ने 26 रन देकर दो विकेट झटके। वहीं तनवीर , शाकिब अल हसन और रहमान ने 1-1 विकेट लिए। नजमुल हौसेन शंतो (126 रन) को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।



### रहमान के टी-20 में 100 विकेट पूरे

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले दुनिया के छठे गेंदबाज बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टी-20 में उन्होंने यह उपलबिध अपने नाम की। इससे पहले बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी यह कारनामा कर चुके हैं। इन्होंने अब तक 131 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के स्टार गेंदबाज टीम साउदी ने 107 टी-20 मैच में सर्वाधिक 134 विकेट लिए हैं।

## एकदिवसीय श्रृंखला के लिए नहीं लौटेंगे कमिंस, स्मिथ जारी रखेंगे कप्तानी

स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करना जारी रखेंगे क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस भारत नहीं लौट रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरूआती दो टेस्ट के बाद कमिंस मां की बीमारी के कारण स्वदेश लौट गये थे। स्तन कैंसर से जूझने के बाद उनकी मां मारिया का हालांकि पिछले सप्ताह निधन हो गया था। तीन मैचों की इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार को मुंबई में खेल जायेगा।

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, पैट (कमिंस) वापस नहीं आ रहा है। उसके घर में जो हुआ वह उससे निपट रहा है। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, हमारी संवेदनाएं पैट और उनके परिवार के साथ हैं क्योंकि वे इस दुखद समय से गुजर रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम में कमिंस के स्थान पर किसी नाम की घोषणा नहीं की है। स्मिथ ने चार मैचों की श्रृंखला के आखिरी दो टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी, जिसमें भारत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को 2-1 से जीतकर अपने पास बरकरार रखने में सफल रहा।

भारत ने पहले दो टेस्ट जीते जबकि इंदौर में तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया विजयी रहा। अहमदाबाद का मैच नीरस ड्रॉ पर समाप्त हुआ। तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन के चोटिल होने के बाद नाथन एलिस को टीम में शामिल किया गया है। कोहनी की चोट के कारण आखिरी दो टेस्ट मैच से बाहर होने वाले अनुभवी डेविड वॉर्नर सीमित ओवरों की टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। तेज गेंदबाजी विभाग में ऑस्ट्रेलिया को कमिंस और रिचर्डसन के अलावा जोश हेजलवुड की भी कमी खलेगी।

वह चोटिल होने के कारण टीम में नहीं हैं। एश्टन एगर टेस्ट श्रृंखला के बीच में स्वदेश भेजे जाने के बाद वापस आ गए हैं। वह स्पिन गेंदबाजी में जम्पा का साथ निभा सकते है। श्रृंखला में गंभीर चोटों से उबरने के बाद ग्लेन मैक्सवेल (पैर में फ्रैक्चर) और मिशेल मार्श (टखने की सर्जरी) की वापसी हो रही। मैकडोनाल्ड ने कहा, हमने संतुलन को ध्यान में रखते हुए टीम को चुना है। हम बल्लेबाजी में गहराई के लिए आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने की कोशिश करेंगे। विश्व कप से पहले हम कुछ संयोजनों को आजमाना चाहते है। सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच के संन्यास के बाद कमिंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।

कला जगत

डा. अर्चना पाठक

# वैदिक युग में आंचलिक संगीत का प्रभाव



संगीत के क्रमिक विकास में वैदिक युग का संगीत अधिकांश रूप में यज्ञों के अंगीभूत था। सामवेद में गेय छंद है। सामान्यतः उस समय तीन स्वर ही प्रमुख माने जाते थे। क्रमशः उदात्त, अनुदात्त और स्वरित के रूप में इनका अति महत्वपूर्ण वर्गीकरण हुआ था। स्वर सदा स्थान विशेष के अनुसार मंद मध्य और उच्च रूप में रूपायित होते हैं। याज्ञवल्लय और पाणिनि के अनुसार परवर्ती काल में उपरोक्त तीन आदि स्वरों से ही षडजादि सात स्वर उत्पन्न हुए हैं। इस युग में वेद मंत्र रचे गए। इन मंत्रों के निर्माण में संपूर्ण वायुमंडल संगीतमय रहता था। अतः मंत्र रचयिता को संगीत का पूरा पूरा ज्ञान होता था। छत्तीसगढ़ के वन प्रांतों में अनेक ऋषियों ने अपना आश्रम स्थापित किया था और उन पुण्य स्थलों पर लगातार यज्ञ की अग्नि प्रज्ज्वलित रहती थी। विद्वान साहित्यकार भागवतशरण उपाध्याय वैदिक युग के वर-वधु महोत्सव-समन पर एक महत्वपूर्ण लेख में लिखते हैं कि ऋग्वेद ग्रंथ में उत्सवों और त्योहारों से मिलते जुलते एक प्रकार के मेले को समन करते हैं

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिलातंर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सक्ती तहसील मुख्यालय से मात्र 18 किमी की दूरी पर पहाड़ों और जंगलों के बीच स्थित है। यहां पहाड़ी से निकलने वाला मनोरम झरना है, जिसके नीचे एक गहरा दाहरा है। कदाचित इसी कारण इस स्थान को दमऊ दाहरा भी कहा जाता है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य मनमोहक और पवित्र जल अमृत तुल्य है। तत्कालीन सक्ती रियासत के निर्माता भ्राता द्वय हरि और गूजर भी अक्सर यहां आया करते थे।



ऐतिहासिकः प्रो. अश्विनी केशरवानी

# झरना गहरा होने के कारण कहलाया दमऊ दाहरा

ऋषभतीर्थ जो पूर्व में गुंजी नाम से जाना जाता था, आज छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिलातंर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के सक्ती तहसील मुख्यालय से मात्र 18 किमी की दूरी पर पहाड़ों और जंगलों के बीच स्थित है। यहां पहाड़ी से निकलने वाला मनोरम झरना है, जिसके नीचे एक गहरा दाहरा है। कदाचित इसी कारण इस स्थान को दमऊ दाहरा भी कहा जाता है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य मनमोहक और पवित्र जल अमृत तुल्य है। तत्कालीन सक्ती रियासत के निर्माता भ्राता द्वय हरि और गूजर भी अक्सर यहां आया करते थे। यहां की पहाड़ियों में अनेक गुफाएं और एक सातवाहनकालीन शिलालेख ब्राम्ही लिपि में है। इसके अलावा यहां की पहाड़ियों में रामायणकालीन अवशेष मिलते हैं। ऐसे ऋषभतीर्थ पर अनेक कवियों ने अपनी कलम भी चलाई जिसमें एक सुप्रसिद्ध कवि के भाव इस तरह-

*मुदित हो शिव कोमल कंठ से, प्रियतमा गिरिजा अवभाष ते।*
*वसुमती पर शोभित वृक्ष औ, गिरि गुफा अति ही रमणीय है।*
*ऋषि मुनि सब मंगल गावहीं, ऋषभतीर्थ सुकीर्ति बखानहीं।*



पुस्तक समीक्षा

## छत्तीसगढ़ी लोक जीवन और पर्व



कृति के नाव
छत्तीसगढ़ी लोक जीवन और पर्व

कृतिकार
डा. पीसीलाल यादव

समीक्षक
डा. मुक्ति बैस

प्रकाशक
वैभव प्रकाशन रायपुर

कीमत
पचास रुपए

छत्तीसगढ़ अंचल में वर्ष भर तीज-त्योहार मनाए जाते हैं, जो कि प्रकृति के साथ जुड़े होते हैं। देखा जाता है कि इन त्योहारों के तथ्यों से लोग अनभिज्ञ रहते हैं, जिसे यहां कृतिकार ने अपनी कृति 'छत्तीसगढ़ी लोक जीवन और पर्व' में छत्तीसगढ़ में तीज-तिहार मनाने के कारण व उद्देश्यों को सरल तरीके से पाठकों के समक्ष रखा है। इस कृति में बारहमासी त्योहारों में अक्ती, रथ - दूज, हरेली, सुआ गीत, भोजली, आठे कन्हैय्या, तीजा, पोला, गौरा-गौरी, देवारी और छेरछेरा को चित्रित किया गया है। सभी त्योहारों के तथ्यों को विस्तार से यहां रखने का प्रयास किया गया है। इस तरह पुस्तकाकार के रूप में हमारे तीज-त्योहार का संग्रह बहुत कम मिल पाता है। इसलिए इस पुस्तक से छत्तीसगढ़ के पर्वों की जानकारी रखने वाले पाठकों के साथ शोधार्थी भी लाभांवित हो सकते हैं।

# पहाड़ में तुलसी पेड़ की अधिकता से गांव हुआ तुलसी डोंगरी



गांव की कहानी: विश्वनाथ देवांगन

बैलाडीला पहाड़ों पर एक स्थान को तुलसी डोंगरी के नाम से जाना जाता है। यहां गोड़ जातियों की बाहुलता है। यह पहाड़ बैलाडीला के पूर्व भाड़का होते हुए राज्य के पूर्वी सीमा शिवरी नदी तक है। इनकी मुख्य शाखाएं मयूर डोंगरी दरबा डोंगरी तथा तुलसी डोंगरी है। तुलसी डोंगरी की ऊंचाई समुद्र की सतह से 3500 फीट है। मुख्य चोटी जो सर्वोच्च है वह डोंगरी के पूर्वी और तुलसी डोंगरी की है। इस पर चढ़ना अत्यंत कठिन है। इस पहाड़ पर उत्तम पत्थर के टुकड़े तथा खाने के जंगली पान हैं। यहां का पान कपूरी और बंगला पान के स्वाद जैसा ही होता है। इन पौधों का औषधीय महत्व बहुत अधिक है। इस पहाड़ पर विभिन्न प्रकार के पत्थर देखने से ही उत्तम धातु की खदानें होने का अनुमान लगता है। इसी तरह यहां तुलसी और बांस के जंगल भी बहुतायत स्थानों में फैले हुए हैं। इसी तरह अभ्रकीय पत्थरों की बड़ी चट्टाने होती हैं। इस अगम्य जंगल में और भी अन्य प्रजाति के बड़े बड़े वृक्ष 15-16 फीट गोलाई के हैं।

# सरगुजा राज फलता फूलता रहा झगराखांड देवी की कृपा से



आस्था : डा. रामचंद्र सिंहदेव

झगराखांड कोयला खदान के विकास ने मनेन्द्रगढ़ के विकास को गति प्रदान की। इसके कारण ही कोयला खदानों में कार्य करने वाले अधिकारियों एवं मजदूरों के लिए उपभोक्ता वस्तुओं का मनेन्द्रगढ़ प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र बन गया। खदानों के लिए आवश्यक समस्त सामग्रियों की आपूर्ति मनेन्द्रगढ़ से की जाती थी। झगराखांड कोयला खदान का नाम राजाओं की ईष्टदेवी झगराखांड के नाम पर रखा गया। राजा मानते थे हमारी तरक्की का कारण झगराखांड देवी के आशीर्वाद का प्रतिफल है। मनेन्द्रगढ़ का व्यवसाय पूर्णतः होकर सरगुजा राज्य की सामग्रियों का केन्द्र बन गया। सन 1935 में मनेन्द्रगढ़ को तहसील का मुख्यालय बना दिया गया। देवी की कृपा से ही राज्य द्वारा लगाया गया राजस्व कोयला खदानों की रायल्टी तथा अन्य करों की वसूली की सुविधा के लिए यहां एक उप खजाना, न्यायालय, स्कूल खोला गया। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ को चिरमिरी से जोड़ने वाली एक सड़क बनाई गई। इस तरह सरगुजा राज झगराखांड देवी की कृपा से सदैव फलता फूलता रहा।

# अब नहीं खेले जाते खेल एकली



लोकखेल: चंद्रशेखर चकोर

छत्तीसगढ़ में गोटा के द्वारा अनेक खेल खेले जाते हैं। इसमें किसी गोटे या पत्थर की आवश्यकता नहीं होती। कम खर्च में किसी भी स्थान पर दो से लेकर अधिक संख्या में इस खेल को खेला जाता है। गोटा के खेल की इसी कड़ी एकली खेल खेला जाता है। इसमें प्रथम चरण सतगोटा का एक स्वरूप है एकली। सुसीरिया द्वारा संकेत मिलते ही प्रतिभागी दोनों हाथ की अंजुली में रखे सात गोटे को जमीन पर बिखेर देता है। बिखरे हुए सात गोटा में से एक गोटा को जिस हाथ से खेलना है उसी हाथ से उठा लिया जाता है। उक्त गोटा चुम्मुल कहलाता है। चुम्मुल गोटा के माध्यम से ही एकली का खेल पूरा किया जाता है। प्रतिभागी गोटा के मूल नियमानुसार एक एक करके बिखरे हुए छः गोटा को उठा लेते हैं। उठाते समय एक गोटा छूट जाए तो उसे पुनः उठाया जाता है। एक गोटा को उठा रहे हों तो अन्य गोटा स्पर्श नहीं होने चाहिए। यह इस खेल की सतर्कता है। यदि चुम्मुल गोटा बिखरे गोटे को उठाते समय गिर जाए तो सभी गोटे को फिर से बिखरा कर एकली को पूरा किया जाता है। इस तरह एक एक गोटे को उटा लेने से एकली का खेल पूर्ण हो जाता है और प्रतिभागी को तीन आठी (अंक) मिलते हैं।

लोक साहित्य

उर्मिला शुक्ल

# छत्तीसगढ़ में संत काव्य परंपरा

छत्तीसगढ़ में साहित्य के उद्भव का श्रेय संत धर्मदास को जाता है। संत धर्मदास कबीर के शिष्य थे। अन्य संत कवियों की तरह धर्मदास ने भी जातीय और सामाजिक भेदभाव तथा आडंबरों का विरोध किया और कबीर पंथ की स्थापना की। इसी कारण अंचल के कोने कोने में संतों और महात्माओं का प्रभाव किसी न किसी रूप में हमें देखने को मिलते हैं।


छत्तीसगढ़ के इतिहास को देखा जाए तो यहां ऋषि और कृषि संस्कृति ही फलीभूत रही है। इसी कारण अंचल के कोने कोने में संतों और महात्माओं का प्रभाव किसी न किसी रूप में हमें देखने को मिलते हैं। यही कारण है कि आंचलिक साहित्य का समृद्ध इतिहास संतों की ही देन मानी जाती है। छत्तीसगढ़ में साहित्य के उद्भव का श्रेय संत धर्मदास को जाता है। संत धर्मदास कबीर के शिष्य थे। अन्य संत कवियों की तरह धर्मदास ने भी जातीय और सामाजिक भेदभाव तथा आडंबरों का विरोध किया और कबीर पंथ की स्थापना की। अन्य संत-कवियों की तरह संत धर्मदास भी माया के बंधन से मुक्ति की चाह रखते हैं। देखें-

जमुनिया की डार मोरी टोर देव हो
एक जमुनिया के चौदह डारा
सार सबद ले के मोड़ देव हो
काया कंचन गजब पियासा
अमरित रस म बोर देव हो।

इसके बाद संत काव्य की नींव पुख्ता करने वाले कवि गुरूघासीदास का पदार्पण हुआ। गुरूघासीदास की रचनाओं में सांसारिक बंधनों की निस्सारता और ईश्वर की कृपा की अभिलाषा मिलती है। देखें-

चलो चलो हंसा अमरलोक जइबो
इहां हमर संगी कोनो नइए
एक संगी हावय घर के तिरिया
देखे म जियरा जुड़ाथे।

इस तरह और भी संतों और महात्माओं ने आंचलिक साहित्य को गति प्रदान की है। आज हम उन साहित्य को आत्मसात कर गौरवान्वित महसूस करते हैं, अतः हमें भी उन समृद्ध साहित्य परंपरा को बनाए रखने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।



# भाकपा माले के तत्वाधान में खेग्रामस ने किया धरना प्रदर्शन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गांव समाज बंजर की जमीनों को दबंगों से खाली कराओ, भूमिहीन दलितों गरीबों में आवासीय पट्टा करों, गरीबों के घरों पर बुल्डोजर नहीं सहेंगे, एसडीएम वादाखिलाफी बंद करों, डीजल रसोई गैस का दाम हाफ करों, बिजली बिल माफ करों, तहसील में पैमाईश सम्बंधित लंबित मामलों की यथाशीघ्र सुनवाई करों, मझौली में हाईकोर्ट के आदेश को लागू करो आदि सवालों को लेकर जखनियां तहसील पर धरना दिया।




धरना -प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर बिंद ने कहा कि थाना तहसील दिवस से गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है उनके आवेदन को रद्दी टोकरी में डाल दिया जा रहा है इसलिए जखनियां की जनता को धरना करना पड़ रहा है। उनकी मांगों को पूरा करने के बजाय एसडीएम झूठा आश्वासन दे रहे हैं। गांव -गाव में पीढ़ी दर पीढ़ी से बसे गरीबों के रिहायशी मकानों पर बिना बैकल्पिक व्यवस्था के तहसील प्रशासन का बुल्डोजर चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अत्याचारी बुल्डोजर पर लगाम नहीं लगा तो लाल झंडा और मोटी लाठी लेकर गांव - गांव में बुल्डोजर को रोकने का काम किया जायेगा। माले जिला सचिव राम प्यारे राम ने कहा , कापरेटिव चुनाव में भरतपुर में दलित नन्हकू राम का पर्चा छीन कर फाड़ने तथा मारपीट कर घायल करने के घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए दलित एक्ट में नामजद आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी के साथ ही चुनाव प्रक्रिया को रद्द करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अंगुरपुर गांव में आजादी के सत्तर साल बाद भी आने -जाने का रास्ता नहीं है। चकरोड पर दबंगों का अवैध कब्जा है प्रशासन खाली नहीं करा रहा है। उन्होंने चकरोड को अवैध कब्जा से खाली कराकर आवागमन बहाल करने, तथा लूलापुर गांव में सार्वजनिक कुंआ को जलालपुर धनी पुलिस चौकी की मिली भगत से पाटने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। साथ ही भुडकुडा, सलेमपुर बघाई, हथियाराम, बेलहरा, लूलापुर, भरतपुर पहाड़पुर खुर्द में गांव समाज बंजर की जमीनों से दबंगों का अवैध कब्जा हटाकर भूमिहीन दलितों गरीबों में आवासीय पट्टा करने की मांग उठाई। किसान महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब ने बघाई गांव में दलित आवादी दबंगों से खाली कराने की मांग उठाई। उन्होंने 23 परसेंट बिजली बिल बृद्धि के योगी सरकार के प्रस्ताव को वापस लेने, डीजल, पेट्रोल के दाम हाफ करने, रसोई गैस के दाम पांच सौ रुपए फिक्स करने की मांग उठाई। अंत में प्रमुख गृह सचिव उत्तर प्रदेश, डीएम गाजीपुर को संबोधित 9 सुत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार जखनियां को सौंपा। धरना प्रदर्शन को श्रीकांत राम, रणधीर सिंह,रामबृक्ष मौर्य, संजय भारती, अतवारू प्रजापति,बेचू बनवासी, शान्ति देवी, गीता, चम्पा, सुनीता, निर्मला देवी,सुखराजी,, शिवच्चन कुशवाहा, चंकेश वनवासी ने संबोधित किया। अध्यक्षता बेचू वनवासी तथा संचालन लालबहादुर बागी ने किया।

## विद्यालय में होगा रंगारंग कार्यक्रम

प्रखर खेतासराय जौनपुर। प्राथमिक विद्यालय गोरारी का रंगारंग वार्षिकोत्सव समारोह 16 मार्च को होगा। समारोह के मुख्य अतिथि शाहगंज ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी अमरदीप जायसवाल होंगे। वह विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगे। समारोह को भव्य रूप देने के लिए पिछले एक सप्ताह से व्यापक तैयारी चल रही है। यह जानकारी विद्यालय की प्रधानाध्यापक डॉ शिवानी मौर्य ने दी। उन्होंने बताया कि शाहगंज ब्लॉक क्षेत्र का यह प्रतिष्ठित विद्यालय है। इस विद्यालय में प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को गुणवत्ता युक्त बेहतर शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है।

# अवैध तमंचा और कारतूस के साथ 10 हजार का इनामिया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन मे आज बुधवार को प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह मय हमराह द्वारा थाना कोतवाली, गाजीपुर क्षेत्रान्तर्गत काजीमण्डी शिवमण्डप के बगल खाली जमीन के पास से थाना कोतवाली,जनपद- गाजीपुर के गैंगेस्टर तथा रू0 10 हजार का इनामिया वाँछित अभियुक्त मो0 एकराम कुरैशी उर्फ मुन्ना पुत्र मो0 असलम कुरैशी निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से



एक अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध अन्तर्गत धारा आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह थाना कोतवाली गाजीपुर के साथ उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार निषाद, चौकी प्रभारी रजागंज थाना कोतवाली, उप निरीक्षक शिवपूजन बिन्द, चौकी प्रभारी लोटन इमली थाना कोतवाली, कांस्टेबल विकास पाण्डेय, चौकी लोटन इमली थाना कोतवाली, कांस्टेबल शिवप्रसाद यादव थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

# दी बनारस बार एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह ने की पत्रकार वार्ता

प्रखर वाराणसी। आराजी नंबर 174 स्थित मौजा खुशीपुर परगना देहात अमानत तहसील सदर थाना रोहनिया वाराणसी की स्वामिनी श्रीमती रश्मि सिंह पत्नी अशोक कुमार सिंह हैं जिन्होंने 2011 -2012 में उपरोक्त आराजी का बैनामा अपने नाम से भूस्वामी से लिया था ।जिस पर इनकी पुरानी बाउंड्री थी जोकि जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गई थी। जिसका जिणोद्वार भू स्वामिनी के द्वारा दिनांक 5 -3- 2023 को कराया गया था। जिसको कुछ स्थानीय दबंग भूमाफिया एवं सफेदपोश लोगों ने मिलकर प्रार्थनी के द्वारा की गई बाउंड्री को बुलडोजर से गिरा दिया। और एक करोड़ रूपए की रंगदारी मांग रहे हैं। तथा बाउंड्री के अंदर रखे मौके पर लगभग 70 बोरी सीमेंट और 20 टन सरिया एवं अन्य उपकरण लूट ले गए। पुलिस को सूचना देने पर कोई कार्यवाही स्थानीय पुलिस व थाने के द्वारा नहीं किया गया ।जब प्रार्थनी ने उच्चाधिकारियों से संपर्क किया तो उन्होंने थाना प्रभारी रोहनिया से मिलने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर प्रार्थनी अपने सहयोगियों एवं अधिवक्ता के माध्यम से थाने पर गए तो थाना प्रभारी रोहनिया ने उपरोक्त प्रकरण में अपना हित स्थापित करने के उद्देश्य से अधिवक्ता के साथ अभद्रता की, एवं संज्ञान लेने से मना कर दिया, एसएचओ रोहनीया की भूमिका संदिग्ध है। उपरोक्त प्रकरण के बाबत आज सीपी वाराणसी के यहां प्रार्थना पत्र देकर उपरोक्त प्रकरण की जानकारी दी गई तो उन्होंने जांच कराकर उपरोक्त विधि कार्रवाई करने का आश्वासन 1 सप्ताह के अंदर दिया है।



# केराकत पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया पैदल गस्त




प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के बाजार में क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा के नेतृत्व में केराकत पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के साथ होने वाले नगर पंचायत चुनाव को दृष्टिगत देखते हुए केराकत के पूरे कस्बे में किया गया फ्लैग मार्च और इस संबंध में जब सीआरपीएफ 91 बटालियन के कमांडेंट आरपी यादव से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हर जनपद में और हर थाने पर हमारे जवान शांति व सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए फ्लैग मार्च करते हैं। इसी क्रम में केराकत कोतवाली थाना पुलिस के साथ केराकत कस्बे में भी फ्लैग मार्च किया गया। और जब इस संदर्भ में क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि होने वाले नगर पंचायत के चुनाव को दृष्टिगत देखते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समय-समय पर पैरामिलिट्री फोर्स के साथ हमारी पुलिस बल के जवान भी फ्लैग मार्च करते रहेंगे जिससे सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इस फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा अपराध निरीक्षक दिग्विजय सिंह, विनीत मोहन पाठक, प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र आर.ए.एफ और उनकी फोर्स के साथ केराकत थाने की सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बात नही नही मानने पर इंस्पेक्टर के खिलाफ सुहेलदेव पार्टी के कार्यकर्ताओ ने पुलिस कमिश्नर को दिया ज्ञापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुहेलदेव पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन को 15 मार्च बुधवार को दिया ज्ञापन दरअसल मामला कमिश्नरेट वाराणसी के थाना शिवपुर का है जहां विगत दिन इंस्पेक्टर शिवपुर ने एक व्यक्ति को चोरी के मामले में पूछताछ के लिए उठाया मामले की जानकारी जयपुर सुहेलदेव पार्टी के कार्यकताओं को हुई तो पार्टी के एक पदाधिकारी थाने पर पहुंचकर धौस जमाने लगा जिसपर इंस्पेक्टर ने समझदारी का परिचय दिखाते हुए सुहेलदेव पार्टी के पदाधिकारी को शांत कराया और मामले की जांच की बात कही` जब बात थाने पर नहीं बनी तो लगभग 25 से 30 के संख्या में सुहेलदेव पार्टी के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय पहुंचे और इंस्पेक्टर शिवपुर के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराते हुए पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन को दिया ज्ञापन जिस पर पुलिस कमिश्नर निष्पक्ष जांच के लिए एसीपी के यहां प्रार्थना पत्र भिजवाया` स्थानीय लोगो की माने तो सुहेलदेव पार्टी वांछितों, उपद्रवियों को संरक्षण देती है और इनके कार्यकता ऐसे ही लोगो को संरक्षित करती रहती है।

# कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर गाजीपुर द्वारा संरक्षित खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

प्रखर गाजीपुर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर, गाजीपुर द्वारा विकासखंड मोहम्मदाबाद के रजौली ग्राम सभा में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संरक्षित खेती विषय पर दिनाँक 12 से 13 मार्च 2023 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रजौली गांव के 50 कृषकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजौली गांव के प्रगतिशील किसान श्री प्रेम नारायण राय ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सब्जियों की संरक्षित खेती की वैज्ञानिक तकनीक से कृषकों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर जे.पी. सिंह ने सब्जियों के उन्नत पौध उगाने के विभिन्न पहलुओं जैसे-मृदा सौंदर्यीकरण, भूमि तथा बीज शोधन, खाद उर्वरक प्रबंधन, क्यारी बनाने की विधियाँ, बीजों की बुवाई करने की नवीनतम तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ शशांक सिंह ने संरक्षित खेती के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया। डॉ सिंह ने बताया कि खीरा, शिमला मिर्च, टमाटर व अन्य उच्च मूल्य वाली सब्जी फसलों की व्यवसायिक खेती के लिए कम लागत वाले पाली हाउस का निर्माण एवं रखरखाव, संरक्षित खेती में रोग नियन्त्रण, कीट प्रबन्धन, पॉलीहाउस में अच्छी पैदावार लेने के लिए आवश्यक है। साथ ही साथ इसमें समय-समय पर उचित मात्रा में सिंचाई की व्यवस्था हो।




केंद्र के कृषि अभियंत्रण के वैज्ञानिक डॉ शशांक शेखर ने कम लागत में वर्षा जल संचयन, पॉलीटैंक बनाकर उसे सूक्ष्म सिंचाई (बूँद-बूँद सिंचाई) पद्धति द्वारा पॉलीहाउस से जोड़ने की विस्तृत जानकारी दी। डॉ शेखर ने प्रशिक्षण के दौरान सब्जी तथा बीजोत्पादन में इस्तेमाल होने वाली अभियांत्रिकी तथा मशीनरी से भी कृषकों को अवगत कराया। मृदा वैज्ञानिक डॉ अविनाश कुमार राय ने कृषक आयवृद्धि के लिए पाली हाउस मे बागवानी फसलों के लिए उपयुक्त मृदा एवं भूमि का चयन किस प्रकार किया जाए इस विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण के दौरान अमित राय, हरिबदन राजभर, शंकर शर्मा अजय पांडे, मोहम्मद मंजूर आलम, इंद्रदेव राय आदि उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

प्रखर जौनपुर। समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के तत्वावधान में मान्यवर कांशीराम जयंती एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम मान्यवर कांशीराम इंटर कॉलेज शीतला चौकियां जौनपुर में आहूत की गई । प्रशिक्षण शिविर के मुख्य अतिथि बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रवक्ता मिठाई लाल भारती ने सर्व प्रथम महापुरुषों सहित मान्यवर कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर-के कार्यक्रम की शुरूआत किया गया । अपने संबोधन में मुख्य अतिथि मिठाई लाल भारती ने संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा संविधान निमार्ता बाबा साहब अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के विचारों का भारत बनाने के लिए संविधान और आरक्षण की रक्षा जरूरी है । ऐसे प्रशिक्षण शिविर के आयोजन से ही भाजपा के संविधान और आरक्षण विरोधी विचारों को रोका जा सकता है प्रदेश में दलितों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। भाजपा के नियत में अगर खोट नही है तो जाति जनगणना कराए । मान्यवर कांशीराम जी ने कहा था जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी । वीपी सिंह ने मण्डल कमीशन की रिपोर्ट को लागू कराया था तो भाजपा ने सरकार उनकी गिराई थी पंचायती राज में आरक्षण की व्यवस्था नेताजी दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने दिया था 2024 के लोकसभा चुनाव में समतामुलक समाज और सामाजिक न्याय के लिए दलितों , पिछड़ों , शोषितों , वंचितों और संविधान प्रेमियों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया । वहीं विधायक तूफानी सरोज ने कहा समाजवादी सरकार बनाकर भाजपा और संघ के आतंक को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है इसके लिए डॉ आंबेडकर डॉ लोहिया और मान्यवर कांशीराम के बताए रास्ते पर चलकर समाजवादी पार्टी के बैनर तले शोषित पीड़ित पिछड़ा समाज को संगठित होना पड़ेगा।




अध्यक्षता कर रहे सपा के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा कि अपराध रोकने में यह सरकार पूरी तरह फेल साबित हुई है । उत्तर प्रदेश में केवल विपक्ष के दमन को ही विकास बताया जा रहा है । समस्याओं से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हर चीज को धार्मिक रंग दिया जा रहा है । संविधान ही एक मात्र विकल्प है सबको न्याय दिलाने के लिए । कार्यक्रम आयोजक राजीव रत्न मौर्या व गप्पू मौर्या ने सभी अतिथि के प्रति आभार प्रकट किया इस अवसर पर पूर्व विधायक कैलाश सोनकर, अवधनाथ पाल, राजू पासी, सुशीला राव,हिसामुद्दीन शाह दीपचंद्र राम, पूनम मौर्य, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, साजिद अलीम,इर्शाद मंसूरी,भानु प्रताप मौर्य, गुड्डू सोनकर, शिवम प्रकाश, सरफराज खां, मनोज मौर्य अलमाश,सोनी यादव,आदि लोग उपस्थित रहे।

# सिंचाई विभाग में होली मिलन समारोह मनाया गया




प्रखर वाराणसी। मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा वाराणसी के तत्वावधान में सिगरा स्थित सिंचाई कालोनी, वाराणसी में सिंचाई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने होली मिलन समारोह के अवसर पर प्रेम व भाईचारा का संदेश देते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा, गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज सिंह, महेश कुमार एवं सहायक अभियंता शशि सिंह , एस0 के0 पांडेय ने सभी कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलेश सिंह,संदीप दूबे, जनार्दन यादव,जयशंकर सिंह, मनोज सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, आरिफ अंसारी, साहिल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल स्टोर पर ड्रग विभाग ने मारा छापा, मचा हड़कम्प

प्रखर जौनपुर। नगर के जहांगीराबाद मोहल्ले में चल रहे एक मेडिकल स्टोर पर ड्रग विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण कर-के कुछ दवाओं का सेम्पल लिया। ये सेम्पल जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा,



यदि दवाई मानक के अनुरूप नही मिली तो दवा कंपनी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। ड्रग विभाग की छापेमारी से कारोबारियों में हड़कम्प मच गया। ड्रग इंस्पेक्टर मंगलवार को अपनी टीम के साथ नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद मोहल्ले में चल रहे माँ काली मेडिकल एजेंसी पर धमक पड़े , तीन करीब दो घण्टे दवाओं की जांच पड़ताल किया। डी आई ने बताया कि यह रूटीन चेकिंग की जा रही है , चेकिंग में नकली , स्पायरी दवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है । आज इसी सिलसिले में जहांगीराबाद में माँ काली मेडिकल एजेंसी पर चेकिंग किया गया, जांच में यहाँ सब कुछ ठीक ठाक मिला है , कुछ दवाओं की जांच के लिए सेम्पल लिया गया है, जिसे जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा यदि जांच में दवा मानक के अनुरूप नही मिला तो कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### फूड कोमा की पूर्वांचल में खुली पहली शॉप



प्रखर वाराणसी। वाराणसी के सिगरा महमूरगंज रोड में फूड कोमा की पूर्वांचल में पहली मन में का उद्घाटन पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमन सिंह ने फीता काटकर किया इस अवसर पर शॉप ओनर आयुष्मान राय ने बताया कि हमारे यहां रोल्स्किंग और क्रीम बोर्न के सभी चीजें उपलब्ध हैं जैसे वेज नॉनवेज रोल वेज मंचूरियन रोल टू टू इन वन वेज रोल आइसक्रीम कोल्ड कॉफी पास्ता पिज्जा वोफल एंड डीजर्ड सभी एक ही छत के नीचे ग्राहकों को उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सी बी राय, आयुष्मान राय,आभा राय,भानू प्रताप सिंह, जतिन सिंह, और उत्कर्ष सिंह उपस्थित रहे।

### डॉ. रसूल फात्मा बनी जीजीआईसी की प्रिंसिपल



प्रखर जौनपुर। शिक्षा और समाज के क्षेत्र में हमेशा कुछ नया करने का संकल्प लेने वाली डॉ रसूल फात्मा जीजीआईसी सुरहुरपुर की प्रिंसिपल मनोनीत हो गई हैं। श्रीमती फात्मा की पदोन्नति से शिक्षक नेताओं, कर्मचारियों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है। जिले के सिरकोनी विकासखंड के राजकीय हाई स्कूल सुरहुरपूर में जीजीआईसी जौनपुर में कार्यरत डॉ रसूल फात्मा को प्रिंसिपल के पद पर पदोन्नति हो गई है। 14 मार्च को जारी इस आदेश के अनुपालन में डॉ फात्मा ने राजकीय महिला हाई स्कूल में पहुंचकर प्रिंसिपल का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्राओं के बीच उन्होंने बैठक करके विद्यालय को बेहतर बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। उपस्थित अभिभावकों को भरोसा दिया कि शासन ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसे बेहद ही गंभीरता के साथ निर्वहन करते हुए इस विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर किया जाएगा। विदित हो कि डॉ रसूल फात्मा पूर्वांचल विश्विद्यालय कर्मचारी नेता डॉ दिलगीर हसन की पत्नी और युवा पत्रकार तामीर हसन शीबू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज की चाची हैं। शहर के प्रतिष्ठित और राजनैतिक परिवार से जुड़ी डॉ रसूल फात्मा की पदोन्नति अक्टूबर 2022 में हो गई थी लेकिन पदस्थापन का कार्य शासन स्तर से अभी हाल ही में किये जाने से शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताई है।

### अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को टक्कर मारते हुए बाउंड्रीवल को किया क्षतिग्रस्त

प्रखर चंदवक जौनपुर। वाराणसी आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के कनौरा गांव के सपीम मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे तेज रफ्तार से आ रही होंडा कार व बाइक में टक्कर हो गई टक्कर में कार अनियंत्रित होकर पास के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल में जा टकराई,टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गाय। गौरतलब हों कि वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रही तेज रफ्तार होंडा कार जैसे ही कनौरा गांव के समीप पहुंची कि सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई टक्कर होते ही कार अनियंत्रित हो गई और पास के ही प्राथमिक विद्यालय में बने बाउंड्रीवाल को क्षतिग्रस्त कर दी।टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरीबारी भेज जांच पड़ताल में जुट गई। बता दे कि जिस समय यह घटना हुई उस वक्त प्राथमिक विद्यालय खुला नही था नही तो बड़ी घटना होने से इनकार भी नही किया जा सकता था।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं